

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 11 अक्टूबर 2026

Shubh Navratri

सिर्फ आनंद ज्वेल्स पर 100% पैसा वापसी



*शर्तें लागू

100% Buyback with Money Return on Polki Value

only at

ANAND®

Polki

Indore | Bhopal | Raipur

लगातार ठाकरे परिसर में कर रहे हैं सांसद, विधायक, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात

मुख्यमंत्री साय से संगठन महामंत्री कर्मवीर की मुलाकात, संगठन और सत्ता पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



छत्तीसगढ़ भाजपा के नए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह शनिवार को रायपुर पहुंचे। यहां आने के बाद पूर्व संगठन महामंत्री पवन साय और प्रदेश के मंत्री श्याम विहारी जायसवाल के साथ मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। मुख्यमंत्री के साथ उनकी सत्ता और संगठन को लेकर चर्चा हुई। अब वे यहां पर कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में नियमित रूप से रहेंगे। इसी के साथ अब संगठन की गतिविधियों को तेज करने के लिए लगातार बैठकों का दौर चलेगा और नए संगठन महामंत्री के साथ परिचय भी होगा। संगठन महामंत्री से दिनभर प्रदेश के कई जिलों के पदाधिकारी, विधायक, सांसद और कार्यकर्ता मिलने आते रहे। यह सिलसिला लगातार चलेगा।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने कई राज्यों के संगठन महामंत्रियों में बदलाव किया है। इसी कड़ी में झारखंड के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह को छत्तीसगढ़ और यहां के संगठन महामंत्री पवन साय को झारखंड का जिम्मा दिया गया है। नया जिम्मा मिलने के बाद एक बार कर्मवीर सिंह छत्तीसगढ़ का दौरा करके यहां पर सेवा संकल्प अभियान की समीक्षा कर चुके हैं। इसके बाद वे वापस लौट गए थे, क्योंकि वहां पर भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री का दौरा था। अब वे वापस रायपुर आ गए हैं।

लगातार करेंगे मुलाकात, होंगी बैठकें भी

भाजपा ने नए संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह का ठिकाना भी कुशाभाऊ ठाकरे परिसर रहेगा। वे यहीं रहेंगे। भाजपा के पदाधिकारियों के मुताबिक, उनके यहां आने पर प्रदेश के कुछ मंत्रियों, विधायक, सांसद और कई जिलों के पदाधिकारियों ने मुलाकात की है। मिलने वालों में प्रदेश के मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक मोतीलाल साहू, महिला मोर्चा की अध्यक्ष विभा अवस्थी और उनकी पूरी टीम, सांसद रूपकुमारी चौधरी, राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा शामिल हैं। अब यह सिलसिला जहां लगातार चलेगा, वहीं संगठन महामंत्री बैठकें भी लेंगे।

महापौर मीनल चौबे ने सभी जोन कमिश्नरों को दिए निर्देश

नियम विपरीत खुले में मांस-मटन विक्रय की मनाही

नवरात्रि पर्व आज से, मंदिरों के आसपास विशेष सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे ने सभी जोन कमिश्नरों को निर्देशित किया है कि 11 अक्टूबर से शुरू हो रहे आदिशक्ति मां दुर्गा के आराधना पर्व नवरात्रि को ध्यान में रखते हुए मंदिरों के आसपास स्वच्छ रखने जोनवार विशेष सफाई अभियान चलाया जाए।

शारदीय नवरात्रि पर्व के पूर्व राजधानी के प्रमुख मंदिरों के आसपास के क्षेत्र में जोन स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से विशेष सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता कायम करने निर्देश दिए गए। महापौर मीनल चौबे ने मंदिरों के आसपास क्षेत्रों में गैर अधिसूचित क्षेत्र में संचालित अवैध मांस-मटन दुकानों और नियम विपरीत खुले में मांस-मटन के अवैध विक्रय पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। महापौर सभी जोन कमिश्नरों को नवरात्रि पर्व में श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने की हिदायत दी है। साथ ही नालियों की सफाई कर निकाले गए कचरे का समय रहते परिवहन कराने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।

कर्मचारियों, किसानों से धान खरीदी सहित अन्य मुद्दों पर हो सकता है निर्णय

कैबिनेट की बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में 11 अक्टूबर को कैबिनेट की बैठक सीएम हाउस में दोपहर 12 बजे से होगी। पिछले सप्ताह हुई बैठक के बाद फिर बैठक हो रही है, ऐसे में कई लंबित मुद्दों पर कैबिनेट में फैसले की संभावना है।

30 सितंबर के बाद अब 11 अक्टूबर को फिर कैबिनेट बुलाए जाने से उन मुद्दों को लेकर अटकलें तेज हैं, जिन पर सरकार फैसला कर सकती है। नवरात्रि के दौरान होने वाली इस बैठक को संभावित राहत और घोषणाओं से भी जोड़कर देखा जा रहा है। कैबिनेट में कर्मचारियों, किसानों की धान खरीदी, महिला-युवा मुद्दे और कानूनी मामलों से जुड़े प्रस्तावों लाए जाने की संभावना है।

कैशलेस इजाज का प्रस्ताव

बैठक में कर्मचारियों के कैशलेस इलाज की व्यवस्था पर निर्णय हो सकता है। उनका प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जा चुका है। अगर इस पर सहमति बनती है तो कर्मचारी और उनके आश्रित सीधे सूचीबद्ध अस्पतालों में इलाज करा सकेंगे। कैबिनेट चर्चा करने के बाद इस पर निर्णय लिया जाएगा।

राजनीतिक प्रकरणों पर अंतिम मंजूरी

30 सितंबर को डिप्टी सीएम विजय शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में कुछ राजनेताओं से जुड़े कानूनी मामलों पर अनुशंसा की गई थी। अब इन मामलों को कैबिनेट के सामने लाकर अंतिम मंजूरी देने की संभावना जताई जा रही है।

धान खरीदी पर भी चर्चा

धान खरीदी का सीजन करीब है। ऐसे में किसानों से जुड़े फैसले भी आ सकते हैं। धान खरीदी की तैयारी, धान खरीदी की तिथि, किसानों को मिलने वाली सुविधाओं और व्यवस्था से जुड़े प्रस्तावों पर सरकार फैसला कर सकती है।



भाजपा महिला मोर्चा का राजीव भवन के पास जोरदार प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा कांग्रेस के इनर मणिपुर से सांसद डॉ. अंगोमचा बिमोल अकोइजम पर छात्राओं के साथ यौन दुर्व्यवहार के गंभीर आरोपों को लेकर कांग्रेस पार्टी और उसके शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ राजधानी रायपुर में शनिवार को उग्र प्रदर्शन किया गया। महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन के पास प्रदर्शन करके जोरदार नारेबाजी की और कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया।

भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा, यदि कांग्रेस ने अपने आरोपी सांसद पर कठोर कार्रवाई नहीं की तो महिला मोर्चा इस लड़ाई को संसद से लेकर सड़क तक पूरी ताकत के साथ लड़ेगा। श्रीमती चौधरी ने कहा कि यह अत्यंत शर्मनाक है कि एक ओर कांग्रेस महिला सम्मान की बात करती है, वहीं दूसरी ओर उसकी पार्टी के सांसद पर छात्राओं ने यौन दुर्व्यवहार के घिनौने आरोप लगाए हैं। श्रीमती चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को तत्काल इस आरोपी सांसद को लोकसभा से निलंबित कर बर्खास्त करना चाहिए और देश की बेटियों से माफी मांगनी चाहिए। राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि जेएनयू की घटना ने एक बार फिर कांग्रेस के महिला विरोधी चरित्र को बेनकाब किया है। यह घटना बताती है कि कांग्रेस के भीतर महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के प्रति कोई संवेदनशीलता नहीं है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी ने कहा, एक तरफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी देशभर में घूम-घूमकर 'पितृसत्ता को चुनौती देने' का पाखण्ड रचते हैं, वहीं दूसरी तरफ उनकी अपनी ही पार्टी के सांसद पर छात्राओं के साथ यौन दुर्व्यवहार जैसे अत्यन्त गम्भीर और घिनौने आरोप लग रहे हैं।

एसआईआर के विरोध में इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन, तीन सिर वाले पुतले का दहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोकतंत्र और संविधान की रक्षा, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध तथा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर शनिवार को इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने राजधानी में प्रदर्शन किया। राजीव गांधी चौक सुभाष स्टेडियम के सामने धरना-प्रदर्शन में कांग्रेस सहित विभिन्न विपक्षी दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। प्रदर्शन के अंत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के प्रतीकात्मक तीन सिर वाले पुतले का दहन कर विरोध जताया गया।

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर शहर के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन और ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र 'पप्पू' बंजारे के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में कांग्रेस, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, भाकपा (माले), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि शामिल हुए। विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया कि एसआईआर के नाम पर पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटे जाने की आशंका लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने नाम हटाने की प्रक्रिया पर रोक लगाने और पात्र मतदाताओं के नाम नियमानुसार दोबारा जोड़ने की मांग की।

देश में अघोषित आपातकाल जैसे हालात : मेनन

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने आरोप लगाया कि देश में अघोषित आपातकाल जैसे हालात बन रहे हैं। उन्होंने दिल्ली में ट्रेनों के रद्द होने, मेट्रो सेवाएं बंद होने, इंटरनेट बाधित होने और प्रदर्शनकारियों को रास्ते में रोकने का दावा किया। उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया पर उठ रहे सवालों का जवाब देने के बजाय सरकार मुख्य चुनाव आयुक्त को बचाने का प्रयास कर रही है। ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा कि मताधिकार की रक्षा, निष्पक्ष चुनाव और लोकतांत्रिक संस्थाओं की जवाबदेही के मुद्दे पर इंडिया गठबंधन एकजुट है और संघर्ष जारी रखेगा।





फोटोः अजय साहू

हरिभूमि रायपुर भूमि







खारुन नदी का दम घोंट रही है टेंट हाउसों की गंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

रायपुर की जीवनदायनी खारुन नदी प्रदूषण और अनदेखी की मार झेल रही है। 'जीवनदायनी' कहलाने वाली यह नदी खुद अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही है। हैरानी की बात यह है कि नदी को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी जहां सबकी है, वहीं प्रशासन की नाक के नीचे टेंट हाउसों के गंदे और भारी सामान की सफाई इसी नदी में धड़ल्ले से चल रही है। इसी नदी की लोग श्रद्धा के साथ पूजा करते हैं। धार्मिक आयोजन किए जाते हैं। लेकिन हरिभूमि ने नदी में गंदगी साफ करते हुए दर्जनों लोगों को देखा। नदी किनारे की ये तस्वीरें शादी-ब्याह और अन्य आयोजनों में इस्तेमाल होने वाले बड़े-बड़े शामियाने और अन्य कपड़ों को नदी में धोया जा रहा है। इन गंदे कपड़ों से निकलने वाला रसायन, डिटर्जेंट और गंदगी सीधे नदी के पानी में मिल रही है। यह न केवल पानी को प्रदूषित कर रहा है बल्कि नदी में रहने वाले जलीय जीवों के लिए भी खतरा पैदा कर रहा है। यह सिलसिला लंबे समय से चल रहा है। कई टेंट हाउस संचालक इस काम के लिए नदी के घाटों का इस्तेमाल कर रहे हैं। वे मजदूरों के जरिए दिनभर नदी में इन भारी-भरकम कपड़ों को धुलवाते हैं। इससे नदी का पानी काला और बदबूदार होता जा रहा है। और प्रशासन...वो तो सोया हुआ है।



नवरात्रि विशेष



प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।

वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

हरिभूमि-आईएनएच की टीम ने आरंग में देखे दर्जनों जगह खनन और अवैध भंडारण

कागजों में घाट बंद, नदी में रेत का धंधा चालू

मनोज नायक ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेश पर 15 जून से 15 अक्टूबर तक छत्तीसगढ़ के सभी रेत घाट बंद हैं। लेकिन रेत घाट सिर्फ कागजों पर ही बंद नजर आये। हकीकत इसके उलट रही,राजधानी रायपुर में सभी रेत घाट इन चार महीनो में खुले रहे,जबकि रेत घाट बंद होने का हल्ला मचाकर खनन माफियाओं और बिल्डिंग मटेरियल व्यवसाय से जुड़े कारोबारी ने रेत के दाम आसमान पर ला दिए। आरंग क्षेत्र में दूसरी ओर अवैध उत्खनन को लेकर शासन काफी गंभीर है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर मुख्यमंत्री सचिवालय से जुड़े अधिकारी लगातार पूरी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। इसका तोड़ भी खनन माफियाओं और जिले में पदस्थ खनिज विभाग के अधिकारियों ने निकाल लिया है। दिखावे की कार्रवाई और नाममात्र का अर्थदंड वसूल कर जिम्मेदार शासन के ख़ज़ाने पर सीधे चोट कर रहे है।



सरकार ने दे रखे हैं सख्ती के आदेश, नीचे का अमला दिखावे की कार्रवाई कर रहा



ये हैं प्रमुख रेत घाट

राजधानी रायपुर के आरंग में जो रेत घाट प्रमुख रूप से संचालित है, उनमें कुरूद, हरदीडीह, चिखली अ,चिखली ब, लखना, कुम्हारी, कागदेही और पारागांव के रेत घाट की नीलामी खनिज विभाग के द्वारा की जा रही है। इसके अलावा कई रेत घाट अवैध तरीके से संचालित हो रहे हैं।

17 लोगों को है भंडारण की अनुमति

राजधानी रायपुर में खनिज विभाग द्वारा रेत के भंडारण की विधिवत अनुमति भी दी गई। खनिज विभाग के अनुसार कुल 17 लोगों को ही भंडारण की अनुमति है। लेकिन आरंग इलाके में तमाम रेत घाट के पास रेत के सैकड़ों भंडारण देखने को मिल रहे है। जबकि अभी 15 अक्टूबर की तिथि समाप्त नहीं हुई है। रेत के भंडारण करने वाले खनन माफिया एक दूसरे की शिकायत भी अधिकारियों से करते है। जून महीने में करीब चार अवैध रेत का भंडारण विभागीय अधिकारियों ने पकड़ा था।

दिन रात चल रहे हाईवा और ट्रैक्टर

तमाम रेत घाट में जून महीने से लेकर अब तक रेत की जमकर निकासी हो रही है। जहां भी रेत घाट है,वहां दिन रात ठेकेदार के ट्रक, हाईवा और ट्रैक्टर रेत लोडकर निकल रहे हैं। आरंग के कुरूद, हरदीडीह, चिखली, पारागांव,समोदा,करमंदी तथा आसपास के गांव में रेत के अवैध भंडारण के बड़े बड़े पहाड़ है। नदी से रेत की कितनी निकासी हो रही है,इसका कोई हिसाब-किताब नहीं है। जबकि सितंबर महीने में आरंग के महानदी में बाढ़ का प्रकोप था। जैसे ही बाढ़ का पानी उतरा,खनन माफिया फिर सक्रिय हो गए। उन्होंने महानदी की सूरत पूरी तरह बिगाड़ दी है। दूसरी ओर इस मामले में जिले के खनिज विभाग के अधिकारी अब भी मौन साधे हुए है।

राजस्व का सीधा सीधा नुकसान

रेत घाट बंद होने का हल्ला मचाकर रेत माफिया और बिल्डिंग मटेरियल से जुड़े लोगों ने बीते चार महीने में रेत के दाम को आसमान पर पहुंचा दिया। जो बारीक रेत जून महीने से पहले प्रति हाईवा आठ से दस हजार रुपए में मिल रहा था,वह रेत घाट बंद होने के बाद 20 से 22 हजार रूपया प्रति हाईवा पहुंच गया। रेत माफियाओं और कारोबारियों ने मुंहमांगे दाम पर रेत बेचा। जबकि रेत घाट खुले होने पर शासन को प्रति हाईवा 14 सौ रुपए की रॉयल्टी मिलती थी। इस प्रकार एक ओर शासन को रॉयल्टी का नुकसान हुआ,तो दूसरी ओर घर बनाने वाले लोगों का बजट बिगड़ गया। जबकि रेत घाटों से लगातार रेत निकल कर बाजार तक पहुंचते थे। एक प्रकार से रेत घाट के बंद होने का सबसे बड़ा लाभ खनन माफियाओं न उठाया। इस मामले में हरिभूमि-आईएनएच की टीम ने खनिज विभाग और जिला प्रशासन के जिम्मेदार अफसरों से चर्चा करने का प्रयास किया। ज्यादातर ने पल्ला झाड़ लिया।

अमलीडीह में चाकू मारकर युवक की हत्या, हमलावर फरार



रायपुर। राजधानी रायपुर के अमलीडीह इलाके में स्वर्ण जयंती चौक के पास शनिवार रात चाकूबाजी की वारदात में 18 वर्षीय युवक गौरव सेन की हत्या कर दी गई। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। वारदात की सूचना मिलने पर राजेंद्र नगर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, अमलीडीह के स्वर्ण जयंती चौक के पास गौरव सेन पर चाकू से हमला किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से भाग निकले। घटना के पीछे की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है।

पुलिस हमले के कारणों और इसमें शामिल लोगों की पहचान करने में जुटी है। फिलहाल हत्या के कारणों और आरोपितों के संबंध में विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस जांच के बाद ही घटना की पूरी तस्वीर स्पष्ट हो सकेगी।

खबर संक्षेप

दो वाहन चोर समेत तीन गिरफ्तार

रायपुर। आजाद चौक पुलिस ने दो वाहन चोरों समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रार्थिया राशि अग्रवाल की रिपोर्ट पर पुलिस ने जांच करते हुए वाहन चोरी करने वाले नीरज वर्मा निवासी सत्यम विहार रायपुरा एवं कौमेश कश्यप निवासी रायपुरा को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी की दोपहिया वाहन जब्त किया है। पुलिस ने इस मामले में चोरी की बैटरी खरीदार मनोज रात्रे निवासी कबीरनगर को भी गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी की खरीदी गई 5 बैटरी जब्त किया है। इन तीनों आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

एसआईआर के विरोध में चल रहे आंदोलन के बीच रेल परिचालन प्रभावित

दिल्ली में प्रदर्शन का असर, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस 6 घंटे, गोंडवाना 5 घंटे लेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

दिल्ली में एसआईआर के विरोध-प्रदर्शन के बीच दिल्ली से छत्तीसगढ़ आने वाली प्रमुख ट्रेनों के विलंब से चलने के कारण यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। शनिवार को कई ट्रेनें निर्धारित समय से घंटों देरी से रायपुर पहुंचीं। हालांकि रेलवे ने आधिकारिक रूप से ट्रेनों के विलंब के पीछे प्रदर्शन को कारण नहीं बताया है। ऐसे में ट्रेनों की देरी और प्रदर्शन के बीच सीधा संबंध होने की पुष्टि नहीं हुई है। शनिवार को छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस करीब छह घंटे की देरी से रायपुर पहुंची। वहीं गोंडवाना एक्सप्रेस पांच घंटे से अधिक विलंब से आई। संपर्क क्रांति एक्सप्रेस दिल्ली से ही करीब दो घंटे की देरी से रवाना हुई, जबकि समता एक्सप्रेस लगभग डेढ़ घंटे विलंब से रायपुर पहुंची। दिल्ली से आने वाली हमसफर एक्सप्रेस मथुरा पहुंचने तक तीन घंटे 16 मिनट की देरी से चल रही थी। इसके आधार पर रायपुर पहुंचने में करीब पांच घंटे तक की देरी होने की आशंका जताई गई थी।

संपर्क क्रांति और समता एक्सप्रेस भी लेट पहुंचीं



आज भी देर से रायपुर पहुंचेंगी प्रमुख ट्रेनें

दिल्ली की ओर से आने वाली ट्रेनों की लेटलतीफी का असर आज भी यात्रियों पर पड़ सकता है। शनिवार से ही प्रमुख ट्रेनें दो से चार घंटे तक की देरी से चल रही हैं। इसके चलते आज भी रायपुर पहुंचने वाली पांच प्रमुख ट्रेनों के निर्धारित समय से विलंब होने की आशंका है। ट्रेनों के लगातार देरी से चलने के कारण यात्रियों को स्टेशन पर इंतजार करना पड़ सकता है।

200 से अधिक ट्रेनें रद्द होने की जानकारी

प्रदर्शन के बीच दिल्ली में कई ट्रेनों के मार्ग और परिचालन पर भी असर पड़ने की जानकारी सामने आई। जानकारी के अनुसार, दिल्ली जाने वाली मेल व लोकल समेत 200 से अधिक ट्रेनें रद्द की गई हैं। इनमें बनारस, पटना, मुंबई और हावड़ा सहित विभिन्न महानगरों से चलने वाली ट्रेनें शामिल हैं। ट्रेनों के रद्द होने और देरी से चलने के कारण यात्रियों को अपनी योजना बदलनी पड़ी। दिल्ली और आसपास के स्टेशनों से छत्तीसगढ़ आने वाले यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।





5 लाख के चेक बाउंस मामले में 6 माह की सजा

रायपुर। 5 लाख रुपए का चेक बाउंस के एक मामले में कोर्ट ने आरोपी को 6 माह की साधारण कारावास की सजा सुनाई है। परिवादी नरेश बाफना ने रायपुर जिला न्यायालय में प्रीति पालीवाल के कोर्ट में याचिका लगाई थी कि आरोपी ब्रजमोहन गुप्ता निवासी टाटीबंध द्वारा ई-रिक्शा क्रय के लिए उससे 11 लाख 33 हजार रुपए लिए थे। इसके एवज में उसने 6 लाख 33 हजार रुपए राशि का भुगतान किया तथा शेष 5 लाख रुपए का चेक दिया था। इस चेक को जब नरेश बाफना ने बैंक में जमा किया तो चेक बाउंस हो गया। इसके बाद भी ब्रजमोहन द्वारा इस राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा था, जिसे लेकर कोर्ट ने सुनवाई करते हुए मामले में आरोपी को दोषी मानते हुए धारा 138 के तहत 6 माह का साधारण कारावास की सजा सुनाई है, साथ ही धारा 357-3 के तहत याचिकाकर्ता को साढ़े 5 लाख रुपए का भुगतान करने के निर्देश दिए हैं।

हरिभूमि

रायपुर, रविवार 11 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



आदिशक्ति की आस्था के महापर्व का आगाज रविवार को होने जा रहा है। इसके पहले शनिवार की देर-रात तक राजधानी के सभी देवी मंदिर रंग-बिरंगी लाइटों से रोशन हुए। नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा का शुभारंभ विधि-विधान से होगा। इस बार अधिकांश मंदिरों में मनौती का ज्योत कलश प्रज्जवलित करने और घट स्थापना की परंपरा अभिजीत मुहूर्त में निभाई जाएगी। इसके पहले भक्तों ने मनोकामना ज्योत जलवाने के लिए पंजीयन की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया। मंदिर प्रबंधन द्वारा मनोकामना ज्योत जलवाने के लिए साढे 10 बजे तक पंजीयन का अवसर दिया जाएगा।

शैलपुत्री की पूजा और अभिजीत मुहूर्त में घट स्थापना के साथ नौ दिन जगमगाएंगे ज्योति कलश, उमड़ेगी आस्था

रायपुर। नौ दिनों तक राजधानी के सभी देवी मंदिरों में पूजा उत्सव की धूम रहेगी। इसके लिए पुरानी बस्ती स्थित मां महामाया मंदिर, मां शीतला, कुशालपुर स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर, आकाशवाणी चौक में मां महाकाली मंदिर, रावांभाठा के बंजारी धाम में उत्सव का माहौल शनिवार की देर-शाम से ही बनना शुरू हो गया। मनोकामना ज्योत जलवाने के लिए भक्तों की भीड़ शाम को ज्यादा देखने को मिली। इस नवरात्रि में होने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ के लिहाज से मंदिर प्रबंधन कमेटियों ने तैयारी को अंतिम रूप देने के साथ वालेंटियर्स का दायित्व भी तय किया है। ज्योति कलश कक्ष को रंग रोगन के बाद उनमें व्यवस्था बनाने का दायित्व बैगा और पंडा के दल प्रमुखों को दिया है। देवी धाम में अधिक ज्योति कलश स्थापित करने के लिए विशेष रूप से स्थान तैयार किया हैं। इसमें भी तांबे और मिट्टी के कलश रखने की व्यवस्था बनाई गई है।

राजधानी के सभी देवी मंदिरों में ज्योति कक्ष में तैयारी पूरी, बैगा और पंडा आज से संभालेंगे सेवा का दायित्व



शारदीय नवरात्रि की प्रतिपदा तिथि आज

शारदीय नवरात्र का शुभारंभ उदयातिथि के लिहाज से 11 अक्टूबर को प्रतिपदा तिथि मिल रही है। नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा से उत्सव का आगाज होगा। पंडित प्रदीप शुक्ला ने बताया कि प्रतिपदा तिथि 10 अक्टूबर की रात्रि 09:19 बजे से शुरू होकर 11 अक्टूबर की रात 09:30 बजे तक उदयातिथि के अनुसार घट स्थापना की जाएगी। इस बार भक्तों को घट स्थापना के लिए शुभ मुहूर्त सुबह 06:19 बजे से सुबह 10:12 बजे तक मिलेगी। जबकि अभिजीत मुहूर्त सुबह 11:44 बजे से दोपहर 12:31 बजे तक प्रभावी होगी।

हजारों की संख्या में जगमगाएंगे आस्था के ज्योति कलश



पुरानी बस्ती स्थित मां राजराजेश्वरी देवी महामाया मंदिर में 11 हजार ज्योत कलश स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। इस नवरात्रि में भी पंजीयन शुल्क प्रति ज्योत कलश 700 रूपए ही रखा गया है। शनिवार की देर-रात तक 9 हजार से ज्यादा लोगों ने पंजीयन करवाया है। आकाशवाणी चौक स्थित मां महाकाली मंदिर में 4001 दीपों की श्रृंखला सजाने की तैयारी है। यहां देर-रात तक 3900 लोगों ने ज्योत कलश के लिए पंजीयन करवाया। इसी प्रकार रावांभाठा बंजारी धाम में 10 हजार से ज्यादा ज्योत कलश जलाने की तैयारी है। 9500 से अधिक लोगों ने पंजीयन करवाया है। प्रति ज्योत कलश की दान राशि 800 रुपए तय की गई है। लगभग सभी देवी मंदिरों में अभिजीत मुहूर्त में ही घट स्थापना की तैयारी है।

मंदिर प्रबंधन ने तय किया अलग-अलग शुल्क

पुरानी बस्ती स्थित मां शीतला माता के ज्योत कक्ष में इस बार 700 ज्योत जलवाने का अवसर भक्तों को मिलेगा। ज्योत के लिए 1001 रूपए दान राशि तय की गई है। इसी तरह कुशालपुर स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर में 1500 ज्योत कलश की सुविधा लोगों को मिलने वाली है। जहां 1400 से अधिक भक्तों ने प्रति ज्योत के लिए 700 रुपए शुल्क जमा किया है। जबकि कंकालीपारा स्थित मां कंकाली मंदिर में 900 कलश स्थापित किया जा सकेगा। इस बार शनिवार की रात तक 750 लोगों ने पंजीयन करवाया है। सभी मंदिर प्रबंधन से जुड़े हुए लोगों ने बताया कि घट स्थापना सुबह 11.30 से 12.30 बजे के बीच की जाएगी।



ज्योति कक्ष की कमान संभालेंगे कर्मचारी और टीम

शारदीय नवरात्रि में लोगों के बढ़ते रुझान को देखते हुए मंदिर ट्रस्ट ने पंजीयन के लिए अलग से काउंटर शुरू किया है। इसके साथ ही बैगा और कर्मचारियों की संयुक्त टीम ने ज्योत कलश कक्ष की साफ-सफाई और व्यवस्था बनाने का सिलसिला शुरू किया है। दर्शन करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तैयारी को अंतिम रूप दिया गया है। मंदिर प्रबंधन ने ज्योत कक्ष में श्रद्धालुओं को दर्शन का अवसर देने के लिए बैगा और पंडा की टीम को जिम्मेदारी दी है, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति से भी भक्तों को बचाया जा सके। सार्वजनिक दुर्गोत्सव समितियों सहित मंदिर प्रबंधन ने भी माता के दरबार में जसगीत गायन के लिए अलग-अलग टोलियों को न्योता भी दिया है। आने वाली टोलियों को व्यवस्था से जोड़ने के लिए अलग से टीम बनाई गई है। जो टोलियों की अगुवाई करने के साथ ही नई टोली को अवसर देने के लिए प्रति टोली 45 मिनट का समय तय किया है।

धर्म लाइव

सजेगी नौ देवियों की चैतन्य झांकी, लाइट और साउंड से होगा महिमा का बखान

रायपुर। नवरात्रि के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की ओर से रविवार, 11 अक्टूबर से शांति सरोवर रिट्रीट सेंटर और नवा रायपुर के सेक्टर-20 में नौ देवियों की चैतन्य झांकी सजाई जाएगी। 20 अक्टूबर तक चलने वाली इस झांकी में श्रद्धालु प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक दर्शन कर सकेंगे। ब्रह्माकुमारी संस्थान की रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी के अनुसार, झांकी में विशाल मंच पर मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, मां काली और मां गायत्री सहित शिवशक्तियों की महिमा का संगीतमय कमेंट्री के साथ लाइट एंड साउंड के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। इसे झांकी का प्रमुख आकर्षण बनाया गया है।

राजयोग साधना से सजीव होंगी देवियों की झलक

झांकी में ब्रह्माकुमारी बहनें चैतन्य देवियों के रूप में विराजित होंगी। संस्थान के अनुसार, राजयोग की नियमित साधना और तपस्या के अभ्यास से वे लंबे समय तक शांत एवं स्थिर मुद्रा में बैठती हैं। देवियों के स्वरूप में उनकी एकाग्रता और शारीरिक स्थिरता दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहेगी। आयोजन का उद्देश्य श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक वातावरण में शांति और शक्ति का अनुभव कराना है।

21 अक्टूबर से निःशुल्क राजयोग शिविर

जीवन में सुख और शांति का अनुभव करने के उद्देश्य से ब्रह्माकुमारी संस्थान के शांति सरोवर और चौबे कॉलोनी स्थित सेवा केंद्रों में 21 अक्टूबर से सात दिवसीय निःशुल्क राजयोग अनुभूति शिविर आयोजित किया जाएगा। इच्छुक लोग सुबह 7 से 8 बजे या शाम 7 से 8 बजे तक के सत्रों में से किसी एक में शामिल हो सकेंगे।

समाज इवेंट

गायत्री शक्तिपीठ में सर्व पितृमोक्ष अमावस्या 237 श्रद्धालुओं ने किया श्राद्ध और तर्पण



रायपुर। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में समता कॉलोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ प्रांगण में सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या पर सामूहिक श्राद्ध एवं तर्पण का आयोजन श्रद्धा और अनुशासन के साथ किया गया। गायत्री परिवार के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्याम बैस ने बताया कि इस अवसर पर 237 श्रद्धालुओं एवं उनके परिवारजनों ने अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। परिव्राजक नरेन्द्र आडिल ने विधि-विधान और पवित्रता के साथ सभी उपस्थित जनों को तर्पण कराया। इससे वातावरण मंत्रमुग्ध और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। गायत्री परिवार हमेशा से शिक्षा, संस्कार, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण को लेकर समर्पित रहा है।

धार्मिक व आध्यात्मिक रूप से जोड़ने का प्रयास

इस अवसर पर गायत्री शक्ति पीठ के सहायक प्रबंध ट्रस्टी सदाशिव हथमल, ट्रस्टी दीनानाथ शर्मा, दावाड़ा कॉलोनी शक्ति पीठ के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी सुखदेव देवांगन, सनमान सिंह, मीडिया प्रभारी प्रज्ञा प्रकाश निगम, दीया प्रभारी अमित डोये, सुश्री चंद्रा मुदलियार, डी.पी. चंदाकर, नारायण यदु, रामपाल तिवारी, घनश्याम केशरवानी, कोमल साहू, अजय साहू सहित गायत्री परिजन शामिल हुए। जहां गायत्री परिवार ने लोगों को न केवल धार्मिक व आध्यात्मिक रूप से जोड़ने का प्रयास बल्कि समाज में नैतिक शिक्षा, पर्यावरण चेतना और जन-कल्याण की भावना को जागृत किया है।

रील फिल्म, विज्ञापन और कॉर्पोरेट वॉक में दिखी प्रतिभा, मैनेजमेंट फेस्ट में विद्यार्थियों ने बिखेरा हुनर

रायपुर। श्री बालाजी दिशा कॉलेज के मैनेजमेंट विभाग की ओर से आयोजित तीन दिवसीय मैनेजमेंट फेस्ट का समापन हुआ। इस आयोजन में विद्यार्थियों ने विज्ञापन निर्माण, कॉरपोरेट वॉक और रील फिल्म प्रोजेक्ट के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के जरिए प्रबंधन कौशल, टीम वर्क, रचनात्मक सोच और डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग को बढ़ावा दिया गया। फेस्ट के पहले दिन द जुगाड़ मैनेजमेंटः ऐड क्वेस्ट, दूसरे दिन कॉरपोरेट एलिगेंस द कॉरपोरेट वॉक और तीसरे दिन द रील फिल्म प्रोजेक्ट प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने अलग-अलग विषयों पर अपनी प्रस्तुतियों से प्रबंधन की व्यावहारिक समझ, कल्पनाशीलता और प्रस्तुतीकरण क्षमता का परिचय दिया।

मैनेजमेंट फेस्ट की प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने पेश किए नए विचार



कॉर्पोरेट वॉक में क्षितिज और ग्रेसी प्रथम

कॉर्पोरेट एलिगेंस' प्रतियोगिता में क्षितिज यदु और ग्रेसी देवांगन ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। शाश्वत शुक्ला और अनन्या द्विवेदी को द्वितीय पुरस्कार मिला। अनुष्का पांडे और इशु पटेल को सांत्वना पुरस्कार, जबकि अदिति गुप्ता और वैष्णवी साहू को विशेष पुरस्कार दिया गया। रील फिल्म प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में अनुभूति केशरवानी एवं समूह ने हेलमेट जागरूकता विषय पर प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान हासिल किया। द जुगाड़ मैनेजमेंटः ऐड क्वेस्ट में अमीषा अग्रवाल एवं समूह ने प्रथम, आकाश सिंह व समूह ने द्वितीय और विवेक एवं समूह ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। पावनि हिवाकर एवं समूह को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। तीन दिवसीय आयोजन के सफल संचालन में कार्यक्रम समन्वयक डॉ. ए. पूजा और डॉ. विद्या नायर का सहयोग रहा।

चुनौतियों से घबराएं नहीं, अपनी क्षमता पर रखें विश्वास

समापन समारोह में प्राचार्य डॉ. तिवारी ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास, नवाचार और व्यावसायिक दक्षताओं को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। मुख्य अतिथि प्रो. राजीव चौधरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए रचनात्मकता, प्रभावी संवाद और डिजिटल प्लेटफॉर्म के सकारात्मक उपयोग का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में असीमित क्षमता, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प की शक्ति होती है। जरूरत अपनी आंतरिक शक्ति को पहचानने और उस पर विश्वास करने की है।

त्योहारों की सजावट में दिखी भारतीय संस्कृति, कांतारा की झांकी ने खींचा ध्यान

रायपुर। प्रगति कॉलेज में शनिवार को आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के तीसरे दिन फेस्टिवल डेकोरेशन प्रतियोगिता हुई। इसमें विद्यार्थियों ने भारतीय त्योहारों, धार्मिक परंपराओं और सांस्कृतिक प्रतीकों को सजावट के माध्यम से जीवंत किया। अलग-अलग प्रस्तुतियों में दुर्गा पूजा, शिवरात्रि, जन्माष्टमी, छठ पूजा, कार्तिक पूर्णिमा, दीपावली, अक्षय तृतीया और जय श्रीराम की कुटिया जैसे विषय देखने को मिले। कांतारा की आकर्षक झांकी और मां दुर्गा व मां काली के स्वरूप ने भी लोगों का ध्यान खींचा।





रचनात्मक प्रतिभा को मिला मंच

प्रतियोगिता में स्नातक के पहले से छठे सेमेस्टर तथा बीएड और स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रबंधन, कंप्यूटर साइंस, शिक्षा, पत्रकारिता और जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता और कलात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने के साथ उनकी रचनात्मक प्रतिभा को मंच देना था। प्रतियोगिता की निर्णायक मंडल में मीनाक्षी पांडे और डॉ. श्वेता वासनिक शामिल रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य डॉ. सौम्या नायर, प्रशासक ज्योति ठाकुर, विभिन्न विभागों के प्रमुखों, शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों का सहयोग रहा।

सिटी लाइव

सर्वधर्म हनुमान मंदिर में महाआरती हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



रायपुर। रेलवे स्टेशन परिसर स्थित सर्वधर्म संकटमोचन हनुमान मंदिर में शनिवार को विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ महाआरती और महाभंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। महाआरती के दौरान भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया। इसके साथ ही सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

मंदिर समिति के अध्यक्ष राजकुमार राठी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित महाआरती में प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। मंदिर समिति के सचिव महेंद्र सिंघानिया ने बताया कि मंदिर प्रांगण में दिव्य महाआरती की गई। इस दौरान महाआरती के बाद विशाल महाभंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में सुब्रत घोष, सुजीत परिहार, अजय पाणिकर, किशोर नायक, अखिल चटर्जी, संतोष श्रीवास्तव, विकास मिश्रा, मोनू आहूजा और रवि राठी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में तीन दिवसीय मैक फिएस्टा, प्रतिभागियों ने अंतिम दिन जमाया रंग

फ्लोरल फैंटेसी थीम पर फैशन शो में प्रतिभागियों ने पेश की संस्कृति व पारंपरिक वेशभूषा की झलक

कार्नर न्यूज

रायपुर। महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज द्वारा विद्यार्थियों की रचनात्मकता, प्रतिभा एवं व्यक्तित्व विकास को प्रमोट करने के उद्देश्य से तीन दिवसीय वार्षिक प्रतियोगिता महोत्सव ' मैक फिएस्टा' का आयोजन किया गया। इस महोत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, आत्मविश्वास बढ़ाने तथा अपनी रुचि एवं कौशल को निखारने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करना था। शनिवार को अंतिम दिन सुबह साढे 10 बजे से ऑडिटोरियम में फ्लोरल फैंटेसी थीम पर भव्य फैशन शो की श्रृंखला प्रतिभागियों ने सजाई। साथ ही ब्राइड एंड ग्रूम प्रतियोगिता में संस्कृतियों और पारंपरिक वेशभूषा की मनमोहक झलक पेश की। इस महोत्सव में विद्यार्थियों को कला, संस्कृति, संगीत, नृत्य, फैशन एवं रचनात्मक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला।







प्रतिभागियों ने किया प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन

इस तीन दिवसीय महोत्सव में 13 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें पेंटिंग, स्केचिंग, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, गिफ्ट रैपिंग, फूड प्लेटर के साथ एक्सटेम्पोर, मेहंदी विद मेहंदी प्लेटर, सुर प्रतियोगिता (सोलो, डुएट, ग्रुप एवं इंस्ट्रूमेंटल), रंगोली, माइथोलॉजी एक्ट, डांस (सोलो, डुएट एवं ग्रुप), फैशन शो तथा ब्राइड एंड ग्रूम जैसी प्रतियोगिताएं शामिल की गईं। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सभी विजेताओं ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं रचनात्मकता से प्रतियोगिता को यादगार बनाया। वहीं कार्यक्रम के सफल संचालन में समन्वयक अमोल देवांगन, डॉ. हीना शुक्ला एवं उदिता कुजूर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. ऋषि पांडेय व शिखा सिंह राजपूत रही।

प्रतियोगिताओं में यह प्रतिभागी रहे विजेता

- सुर प्रतियोगिता - (सोलो) - अभिनव सिन्हा, (डुएट) - अपूर्वा तिवारी एवं जसवीन अरोड़ा, (इंस्ट्रूमेंटल) - शिवांश सिंह ठाकुर
- माइथोलॉजी एक्ट - सिमरन मोंगरे, फ्रीस्टाइल डांस (सोलो) - सान्या ठाकुर,
- क्लासिकल डांस (सोलो) - रीत गोयल, (डुएट) - सुरभि चंदेल एवं रचित अग्रवाल, (ग्रुप) - अफरीन अंजुम एवं समूह
- फैशन शो (गर्ल्स) - अंकिता सोनी, फैशन शो (बॉयज) - अपूर्व तिवारी
- ब्राइड एंड ग्रूम (ब्राइड) - चहक साहू, ब्राइड एंड ग्रूम (ग्रूम) - युवराज साहू

खबर संक्षेप

जन्मदिन पर बुजुर्ग व महिलाओं का सम्मान

सिलयारी। 10 अक्टूबर जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति श्रीमती सरोज चंद्रवंशी का जन्मदिन शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में बुजुर्गों, महिलाओं एवं पत्रकारों का सम्मान कर सामाजिक सहभागिता और आपसी सौहार्द का संदेश दिया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं, महिला मोर्चा की सदस्यों, आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर सभापति सरोज चंद्रवंशी को जन्मदिन की बधाई दी तथा उनके स्वस्थ, सुखमय और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।
समारोह में सम्मान कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। जन्मदिन के अवसर पर बुजुर्गों, महिलाओं और पत्रकारों को सम्मानित कर उनके योगदान के प्रति आदर व्यक्त किया गया। इस पहल को सामाजिक सम्मान और आपसी जुड़ाव की भावना से जोड़कर देखा गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने सरोज चंद्रवंशी को शुभकामनाएं देते हुए उनके सार्वजनिक जीवन में निरंतर सफलता और जनसेवा के कार्यों में आगे बढ़ने की कामना की।

दुर्गा प्रतिमा के निर्माण में धीवर का समर्पण

आरंग। शारदीय नवरात्रि की पावन अगवानी से ठीक पहले की शाम मूर्तिकारों के लिए महज किसी समयसीमा का दबाव नहीं होती, बल्कि महीने भर की अनवरत साधना की अंतिम परीक्षा का पल होती है। समीपस्थ ग्राम नारा में इन दिनों ऐसा ही भक्तिमय, व्यस्त और अलौकिक दृश्य छाया हुआ है। गांव के 56 वर्षीय अनुभवी मूर्तिकार नारायण धीवर अपने पूरे परिवार के साथ मां दुर्गा की 31 भव्य प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में दिन-रात एक किए हुए हैं। नारायण धीवर महज एक मूर्तिकार नहीं, बल्कि इस अंचल में लोककला और जन-आस्था के संवाहक हैं। उन्होंने मात्र 20 साल की छोटी-सी उम्र में मिट्टी को आकार देना शुरू किया था। आज 56 वर्ष की आयु में, पिछले 36 सालों का लंबा अनुभव उनकी उंगलियों की सफाई और प्रतिमाओं के निखार में साफ झलकता है। उनके लिए यह काम महज आजीविका का साधन नहीं, बल्कि जीवन की सबसे बड़ी पूजा और साधना बन चुका है। नारायण धीवर के आंगन में इन दिनों परिवार के छोटे से लेकर बड़े तक, कुल 12 लोग पूरी तन्मयता से जुटे हुए हैं। सुबह की पहली किरण से लेकर देर रात तक पूरा परिवार अन्न-जल भूलकर मां के स्वरूप को सजाने में लगा है।

गुजरा के छात्रों ने दिया नशामुक्ति का संदेश

आरंग। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुजरा में विद्यार्थियों ने नशामुक्ति और सड़क सुरक्षा का संदेश रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ रायपुर के अंतर्गत इंदिरा गांधी रेंजर दल के तत्वावधान में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग, रंगोली, स्लोगन, नुक्कड़ नाटक और मानव श्रृंखला के जरिए नशे के दुष्परिणामों तथा यातायात नियमों के पालन की आवश्यकता को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के साथ पालकों और ग्रामीणों को नशे से दूर रहने तथा सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जिम्मेदार बनाने के साथ समाज में जागरूकता का वातावरण तैयार करना था। इस अवसर पर पालक-शिक्षक बैठक भी आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ नशामुक्त जीवनशैली अपनाने और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में विद्यालय एवं पालकों की सहभागिता पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी और सकारात्मक सोच विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य साक्षी खरे, ग्राम सरपंच बिंदु कोमल बंजारे, एसएमडीसी अध्यक्ष चंद्रशेखर बघेल, रीता शर्मा, ममता देवांगन, राजेश्वरी बंजारे एवं ललिता बंजारे सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन स्काउट-गाइड प्रभारी एवं व्याख्याता कुमारी अन्नपूर्णा पाण्डेय ने किया। विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी से आयोजित इस अभियान ने नशामुक्त समाज के निर्माण और सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

वल्लभाचार्य की जन्मस्थली चंपारण्य का होगा विकास, पर्यटन मंत्रालय ने दी 73.43 करोड़ की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

छत्तीसगढ़ के धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन को नई पहचान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत रायपुर जिले के चंपारण्य स्थित वल्लभाचार्य प्रतिमा परिसर के विकास के लिए 73.43 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस परियोजना से चंपारण्य की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत को नई पहचान मिलने के साथ प्रदेश में पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। स्वीकृत परियोजना के अंतर्गत परिसर में संग्रहालय का विकास, यज्ञ कुंड एवं जल कुंड का जीर्णोद्धार, श्रद्धालुओं के लिए आवासीय सुविधाएं, आकर्षक प्रवेश द्वार, पाथवे तथा अन्य आवश्यक पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इन कार्यों के पूर्ण होने से यहां आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और चंपारण्य धार्मिक पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में और अधिक विकसित होगा।

चंपारण्य महाप्रभु श्री वल्लभाचार्य की जन्मस्थली होने के कारण धार्मिक दृष्टि से विशेष महत्व रखता है। यहां पर्यटन सुविधाओं का विस्तार होने से न केवल श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि की संभावना है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार, व्यवसाय एवं आर्थिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

चंपारण्य के विकास के लिए 73.43 करोड़ स्वीकृत

जताया आभार

इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया गया है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंद्रकुमार साहू के प्रति भी विशेष आभार व्यक्त किया गया है। प्रदेश में धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन को प्रोत्साहित करने तथा विकास की संभावनाओं को आगे बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों को इस स्वीकृति से नई गति मिलेगी।

धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर चंपारण्य को मिलेगी नई पहचान

यह परियोजना छत्तीसगढ़ की समृद्ध धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने तथा प्रदेश को पर्यटन के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। अभनपुर विधानसभा के चारों मंडल अध्यक्ष अभनपुर के भरत बैस, खोरपा के किशोर साहू, नवापारा के नागेंद्र वर्मा एवं चंपारण के तोषण लाल साहू, जनपद पंचायत अभनपुर के सभापति विवेक तिवारी, ब्रह्मानंद साहू, जनपद सदस्य निशा प्रवीण कल्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष शोभाराम राम एवं नारायण यादव, मंडल पदाधिकारी गौतम साहू, ताराचंद तारक, आशाराम साहू, खिलेंद्र साहू, निर्मल कुमार साहू, रूपेश निर्मलकर, रीवन लाल यादव, बलराम साहू, कविता साहू, नीलकंठ निर्मलकर, लीलू राम साहू, रिखी राम साहू, महेश भारती, रामगुलाल ध्रुव एवं चंपारण-तामासिवनी मंडल के समस्त कार्यकर्ताओं ने इस स्वीकृति पर खुशी व्यक्त की है।

उच्च शिक्षा और रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण की जानकारी देने का प्रयास

तकनीकी कौशल से संवरेगा युवाओं का भविष्य व मिलेगी ऊंचाई : खुशवंत गुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार मंत्री गुरु खुशवंत साहेब आरंग में आयोजित कौशल विकास यात्रा-2026 के अंतर्गत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लिटरेसी मिशन के समापन समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम में युवाओं एवं विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उपयोगिता, कौशल विकास और भविष्य में रोजगार की संभावनाओं से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया।

मंत्री गुरु खुशवंत साहेब जी ने कहा कि वर्तमान समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिक्षा, उद्योग, स्वास्थ्य, व्यवसाय, रोजगार और नवाचार सहित विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ऐसे में युवाओं को नई तकनीकों की जानकारी देने के साथ उन्हें व्यावहारिक ज्ञान और तकनीकी कौशल से सुसज्जित करना समय की आवश्यकता है। एआई लिटरेसी मिशन जैसी पहल विद्यार्थियों को तकनीकी बदलावों को समझने और भविष्य की संभावनाओं के लिए स्वयं को तैयार करने में सहायक है। कौशल विकास यात्रा-2026 के अंतर्गत देशभर में युवाओं एवं विद्यार्थियों को कौशल विकास, आधुनिक शिक्षा और भविष्य की तकनीकों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

इस यात्रा से स्कूलों, कॉलेजों एवं शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों से संपर्क स्थापित करना है। यात्रा के अंतर्गत एआई लिटरेसी मिशन के माध्यम से विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मूल अवधारणाओं, दैनिक जीवन एवं शिक्षा में इसके उपयोग, एआई टूल्स की व्यावहारिक उपयोगिता तथा इसके जिम्मेदार और नैतिक इस्तेमाल के बारे में जागरूक करने पर जोर दिया जा रहा है। इसके साथ ही विद्यार्थियों को एआई के क्षेत्र में उभरते करियर विकल्पों, कौशल आधारित पाठ्यक्रमों, उच्च शिक्षा और रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण की जानकारी देने का प्रयास किया जा रहा है।

नई शिक्षा नीति से गुणात्मक परिवर्तन

अभियान के प्रमुख उद्देश्यों में विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति, बदलती तकनीकी आवश्यकताओं और करियर के विविध विकल्पों से परिचित कराना भी शामिल है। करियर मार्गदर्शन, शैक्षणिक जानकारी और कौशल आधारित प्रशिक्षण के अवसरों के प्रति जागरूकता बढ़ाकर युवाओं को उनकी रुचि एवं योग्यता के अनुरूप भविष्य की दिशा चुनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मंत्री गुरु खुशवंत साहेब जी ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार युवाओं को आधुनिक तकनीक, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कौशल विकास के अवसरों से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार का उद्देश्य युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाना, उनकी रोजगार क्षमता बढ़ाना और स्वरोजगार के नए अवसरों के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। युवाओं को समय की मांग के अनुरूप कौशल, तकनीकी ज्ञान और उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। एआई और अन्य आधुनिक तकनीकों का सही उपयोग युवाओं के लिए नए अवसर पैदा कर सकता है। मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि कौशल विकास यात्रा-2026 और एआई लिटरेसी मिशन जैसी पहलें युवाओं को ज्ञान, तकनीक और रोजगार के अवसरों से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण हैं। हमारा प्रयास है कि छत्तीसगढ़ का प्रत्येक युवा बदलते समय की आवश्यकताओं को समझे, नए कौशल सीखे और अपनी प्रतिभा के बल पर प्रदेश तथा देश के विकास में योगदान दे। उन्होंने युवाओं से आधुनिक तकनीकों के प्रति जिज्ञासु बनने, निरंतर सीखने और उपलब्ध कौशल विकास एवं प्रशिक्षण के अवसरों का लाभ उठाने का आह्वान किया।

केंद्री में बेटे ने चाकू मारकर की पिता की हत्या, सुबूत मिटाने का प्रयास नाकाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

ग्राम केंद्री में पारिवारिक विवाद के दौरान एक बेटे द्वारा अपने पिता की चाकू मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में आरोपी पुत्र डोमेश साहू उम्र 22 वर्ष को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने घटना के बाद साक्ष्य छिपाने और हत्या को आत्महत्या का रूप देने का प्रयास भी किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 9 अक्टूबर की शाम करीब 7 बजे ग्राम केंद्री निवासी डोमार साहू उम्र 48 वर्ष शराब के नशे में अपनी पत्नी दुलेश्वरी साहू से विवाद कर रहा था। इसी दौरान घर पहुंचे बेटे डोमेश का भी विवाद में हस्तक्षेप हुआ। पुलिस के मुताबिक, मृतक द्वारा पत्नी और बेटे के संबंध में आपत्तिजनक आरोप लगाए जाने से आक्रोशित होकर डोमेश ने रसोई में रखे सब्जी काटने वाले चाकू से पिता के गले पर वार कर दिया। बचाव के दौरान मृतक की दाहिनी कलाई पर भी चोट आई। इसके बाद गले पर किए गए कई वार से उसकी मौत हो गई। घटना के समय मृतक की पत्नी मौके पर मौजूद थी।



हत्या को आत्महत्या दिखाने की रची साजिश

घटना के बाद आरोपी ने कथित तौर पर वारदात के समय पहने कपड़ों को मोटरसाइकिल से जाकर पीछे स्थित बड़े नहर-नाले में फेंक दिया। इसके बाद घर लौटकर पिता की मौत को आत्महत्या बताने का प्रयास किया और काफी देर बाद परिजनों व आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। ग्राम केंद्री के सरपंच ने रात करीब 11:30 बजे पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही अभनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच की। एफएसएल टीम ने भी मौके पर पहुंचकर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने संदेह के आधार पर डोमेश साहू से पूछताछ की। पुलिस के मुताबिक, प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त चाकू सहित अन्य साक्ष्य जब्त किए हैं। मामले में विवेचना जारी है तथा आरोपी के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

साहू संघ की बैठक में रुढ़िवाद त्यागने और एकता पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कूंरा

तहसील साहू संघ धरसींवा का सामाजिक बैठक अध्यक्ष श्री लेखराम साहू एवं परिक्षेत्र अध्यक्षों के नेतृत्व में ग्राम देवरी में आयोजित किया गया। बैठक में परिक्षेत्रों एवं ग्राम ईकाई के पदाधिकारी एवं स्वजातीय भाई तथा माता बहनों की भी भारी संख्या में उपस्थिति रही। उक्त बैठक में रायपुर जिला साहू संघ (ग्रामीण) के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान किया गया तहसील अध्यक्ष लेखराम साहू द्वारा सभा को संबोधित करते हुए समाज में पुराने रूढ़िवादी को खत्म करने मृत्यु भोज में सादा भोजन कराने, शादी गोधूली बेला में करने, दशगात्र में तालाब का कार्यक्रम समयावधि में सम्मन्न करने तथा समाज के संगठन एवं एकता को मजबूत करने पर जोर दिया गया। रायपुर जिला ग्रामीण के अध्यक्ष श्री हीरामन साहू के द्वारा भी सभा को सम्बोधित भाषण में प्रदेश के नियमों का पालन करने अर्न्तजातिय, अर्न्तधर्म एवं संगोत्रीय विवाह को खत्म करने एवं पूरे समाज को इस पर गंभीरता से विचार करने का सलाह दिया गया। अन्त में राष्ट्रगान से सभा का समापन किया गया। इस अवसर पर रायपुर जिला के पूर्व अध्यक्ष श्री केजू राम साहू, निर्वाचित अध्यक्ष श्री हीरामन साहू, उपाध्यक्ष श्री पोषण साहू, संगठन सचिव श्री योगेश साहू, तहसील अध्यक्ष लेखराम साहू, उपाध्यक्ष फूलचंद साहू, महिला उपाध्यक्ष मंजू साहू, महिला संगठन सचिव खोमबाई साहू, संरक्षक बंशीलाल साहू, सचिव मुरली साहू, कोषाध्यक्ष गणेश राम साहू, ग्राम देवरी के अध्यक्ष हृदयराम साहू, राजेश साहू, न्याय प्रकोष्ठ के संयोजक श्री विष्णु साहू, बलदाऊ साहू, घनाराम साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष रामकुमार साहू, टीकाराम साहू, गणेशराम साहू, मंगला साहू, होरीलाल साहू, तहसील तिल्दा अध्यक्ष मनीराम साहू एवं ग्राम देवरी के सामाजिक भाईयों द्वारा इस बैठक में विशेष रूप से सहयोग किया गया।

विहिप व बजरंग दल का 14 को रक्तदान शिविर

सांकरा (धनेली)। प्रतिवर्ष की परंपरा अनुसार इस वर्ष भी विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल, धरसीवां प्रखंड, रायपुर ग्रामीण द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।यह शिविर आगामी 14 अक्टूबर को ग्राम धनेली स्थित साहू भवन में आयोजित होगा।इस संबंध में जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद धरसीवां प्रखंड के संयोजक लोकेश साहू ने बताया कि रक्तदान महादान है और संगठन द्वारा हर वर्ष मानव सेवा के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया जाता है। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में युवाओं व ग्रामीणों से रक्तदान कर पुनीत कार्य में सहभागी बनने की अपील की है। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित रहेगी तथा रक्तदान करने वाले दाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

सशिमं के 260 विद्यार्थियों का किया गया नेत्र परीक्षण

आरंग। सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल आरंग में शनिवार को विशेष नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अरुण कक्षा से लेकर दशम कक्षा तक के कुल 260 भैया-बहनों की आंखों की जांच की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) आरंग की नेत्र परीक्षण सहायक अधिकारी डॉ. अन्नपूर्णा वर्मा तथा नेत्र परीक्षण सहायक विवेक साहू ने अपनी टीम के साथ सभी विद्यार्थियों की आंखों की बारीकी से जांच की। जांच के दौरान जिन भैया-बहनों में दृष्टि दोष या अन्य समस्याएं पाई गईं, उन्हें आगे के उचित उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आरंग रेफर किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर का संचालन चिकित्सा प्रभारी सुषमा तिवारी के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त आचार्यों और दीदियों का सक्रिय सहयोग रहा। इस अवसर पर विद्यालय परिवार का मार्गदर्शन करने के लिए डॉ. हेडगेवार बाल कल्याण समिति के उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता, व्यवस्थापक राजेश साहू और सदस्य सुरेंद्र नशीने विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति इस पहल की सराहना की और छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सरस्वती शिशु मंदिर में अभिभावक गोष्ठी आयोजित, 222 अभिभावक हुए शामिल

आरंग। सरस्वती शिशु मंदिर मंदिर हसौद में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नवीन शर्मा एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। गोष्ठी में कुल 222 अभिभावक शामिल हुए, जिनमें 146 माताएं और 76 पिता उपस्थित रहे। माताओं की विशेष सहभागिता देखने को मिली। गोष्ठी के दौरान त्रैमासिक परीक्षा परिणाम की जानकारी साझा की गई। साथ ही बच्चों की पढ़ाई, शैक्षणिक प्रगति, व्यवहार और सर्वांगीण विकास को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। अभिभावकों ने भी अपने विचार एवं सुझाव रखे। इस अवसर पर नवीन शर्मा ने कहा कि विद्यालय की दीदियां बच्चों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार भी दे रही हैं। अभिभावकों को चाहिए कि वे विद्यालय में सिखाई जा रही अच्छी आदतों और संस्कारों को घर पर भी अपनाने के लिए बच्चों को प्रेरित करें। विद्यालय और अभिभावकों के संयुक्त प्रयास से बच्चों में सकारात्मक बदलाव आएगा और उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत होगी। उन्होंने विद्यालय एवं अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर करने में दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्य लता साहू ने उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

भारी वाहनों के ग्रामीण मार्गों पर प्रवेश से अस्त-व्यस्त हुई व्यवस्था, राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे पर तरपोंगी और देवरी के बीच स्थित टोल प्लाजा स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बनता जा रहा है। एक तरफ जहां तरपोंगी टोल प्लाजा में स्थानीय गाड़ियों को छूट नहीं मिलने से ग्रामीण परेशान हैं, वहीं दूसरी तरफ टोल टैक्स बचाने के फेर में भारी वाहन चालकों ने ग्रामीण सड़कों को अपना वैकल्पिक माध्यम बना लिया है। आलम यह है कि देवरी से लगभग 08 किलोमीटर का लंबा चक्कर काटकर भारी वाहन सिमगा और तिल्दा की ओर जाने के लिए तरपोंगी, मोहदा, निनवा और मनोहरा होते हुए ग्रामीण मार्गों का बेधड़क उपयोग कर रहे हैं।



ऐसा लगता है मानो शासन-प्रशासन किसी बड़ी अनहोनी या जानलेवा हादसे का इंतजार कर रहा हो। यदि प्रशासन ने समय रहते इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया और भारी वाहनों का ग्रामीण सड़कों पर प्रवेश नहीं रोका, तो क्षेत्र की आक्रोशित जनता सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।



टोल बचाने के चक्कर में ग्रामीण सड़कों पर सरपट दौड़ रहे भारी वाहन

कमजोर और संकरे ग्रामीण रास्तों पर दिन-रात सरपट दौड़ते इन भारी वाहनों के कारण तरपोंगी-मोहदा-निनवा मार्ग पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो चुका है। भारी आवाजाही की वजह से सड़कों पर चलने वाले आम लोगों का जीना दूभर हो गया है। सबसे अधिक परेशानी रोजमर्रा आवागमन करने वाले स्कूली विद्यार्थियों, दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों और आसपास के विभिन्न कारखानों में मजदूरी करने वाले श्रमिकों को उठानी पड़ रही है। राहगीरों के सिर पर हर समय किसी बड़े हादसे की तलवार लटकती रहती है। तरपोंगी से किरना पहुँच मार्ग पहले से ही संकीर्ण और जर्जर अवस्था में है, जिससे सामान्य गाड़ियों की आवाजाही भी ठप हो जाती है। ऊपर से टोल बचाने की होड़ में दौड़ रहे इन ओवरलोडेड ट्रकों और ट्रेलरों ने क्षेत्रवासियों की दुश्वारियों को कई गुना बढ़ा दिया है। इस गंभीर जन-समस्या पर स्थानीय किसान नेता जगदीश साहू ने प्रशासन से गुहार लगाते हुए कड़ी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने प्रशासन से स्पष्ट रूप से आग्रह किया है कि तरपोंगी टोल प्लाजा में स्थानीय वाहनों को टोल टैक्स से तत्काल छूट दी जाए। इसके साथ ही उन्होंने मांग की है कि टोल बचाने की नीयत से ग्रामीण रास्तों में प्रवेश करने वाले भारी वाहनों पर अविलंब कड़ा प्रतिबंध लगाया जाए और जर्जर सड़कों का जल्द से जल्द पुनर्निर्माण कराया जाए। क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता समझ से परे है।

नवा रायपुर में शासकीय नवीन संगीत महाविद्यालय का शुभारंभ

प्रदेश के सभी संभागों में होगी संगीत महाविद्यालय की स्थापना : मंत्री वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

लोककला, संगीत और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नवा रायपुर में शासकीय नवीन संगीत महाविद्यालय का शुभारंभ हुआ। समारोह में उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि तथा तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब अध्यक्ष के रूप में शामिल हुए। अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू और अनुसूचित जाति सलाहकार परिषद के सदस्य देवराज जांगड़े सहित अन्य जनप्रतिनिधि विशेष अतिथि रहे।

इस अवसर पर मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि प्रदेश के सभी संभागों में संगीत महाविद्यालय स्थापित करने का लक्ष्य है, ताकि स्थानीय कला-संस्कृति को प्रोत्साहन और विद्यार्थियों को संगीत शिक्षा के बेहतर अवसर मिल सकें। उन्होंने विद्यार्थियों से नैतिक मूल्यों को अपनाकर देश के विकास में



योगदान देने का आह्वान किया। अध्यक्षता कर रहे मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने महाविद्यालय के लिए नवीन भवन उपलब्ध कराने का प्रयास करने की बात कही।

संस्था प्रमुख जीपी यदु ने संगीत महाविद्यालय एवं शासकीय नवीन महाविद्यालय नवागांव सेक्टर-28 की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए दोनों महाविद्यालयों के अधोसंरचना विकास के लिए 15-15 लाख रुपये, सभागार निर्माण के लिए एक करोड़ रुपये तथा बाउंड्रीवाल के लिए 74 लाख रुपये स्वीकृत करने की मांग रखी। साथ ही स्नातकोत्तर में समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, भूगोल, प्राणीशास्त्र, रसायनशास्त्र एवं एमकॉम तथा स्नातक में अर्थशास्त्र और अंग्रेजी साहित्य शुरू करने का आग्रह किया। समारोह में शासकीय नवीन संगीत महाविद्यालय नवा रायपुर एवं शासकीय नवीन महाविद्यालय बेंद्री के प्रतीक चिन्हों का अनावरण किया गया। डॉ. अजय कुमार वर्मा की पुस्तक माइक्रोबायोलॉजी एंड पैथोलॉजी तथा शासकीय संगीत महाविद्यालय दुर्ग के न्यूजलेटर कलासृजन के दूसरे अंक का विमोचन हुआ। इस दौरान डॉ अमिताभ बैनर्जी, डॉ. मानक लाल टंडन, डॉ. विनीता नापित, डॉ. अजय कुमार वर्मा,प्राचार्य, प्राध्यापक, कर्मचारी, एनएसएस एवं रेडक्रॉस स्वयंसेवक, विद्यार्थी और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

हनुमान मंदिर में नवरात्रि की तैयारी

रायपुर। मठपुरैना वाटर फिल्टर प्लांट परिसर में स्थापित सर्वसिद्ध हनुमान मंदिर क्वांर नवरात्रि की शानदार तैयारी जारी है। मंदिर समिति के अध्यक्ष मोहनलाल साहू, सोमनाथ निषाद, रामचरन पटेल, रामू धीवर, राजकुमार धीवर, दीनदयाल साहू और नीलकंठ सा र थी ज्योतिकलशों की स्थापना की तैयारी में जुटे है। समिति के अनुसार अभी तक 200 से अधिक मनोकामना ज्योतिकलशों की बुकिंग हो चुकी है। डीडी साहू ने बताया कि नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन भजन-कीर्तन और माता की सेवा में जसगीतों का आयोजन किया जाएगा। 11 अक्टूबर को पुजारी घनश्याम वैष्णव के सांनिध्य में घटस्थापना अनुष्ठान किया जाएगा।



शुभ नवरात्रि

या देवी सर्वभूतेषु शक्ति-रूपेण संस्थिता
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः

वन्दे वाञ्छितलाभाय चन्द्रार्धकृतशेखराम्।
वृषारूढां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम्॥



नवरात्र्याः पुण्यतमा, महाशक्ति युता सदा।
शक्ति सर्वदा वरदा, समृद्धि देनेया मातरं॥

नवरात्रि पुण्यकारी और पावन अवधि है, जो महाशक्ति से परिपूर्ण है। मां दुर्गा, जो शक्ति का स्वरूप हैं, सदा अपने भक्तों को वरदान प्रदान करती हैं। वे भय और कष्टों का नाश करती हैं, अपने भक्तों को समृद्धि, सुख और सौभाग्य भी प्रदान करती हैं। जीवन में मंगल, ऊर्जा और पूर्णता का संचार



नवरात्रि की शुरुआत **मां शैलपुत्री** की पूजा से होती है। शास्त्रों में 'शैल' का अर्थ होता है पर्वत या शिखर, और 'पुत्री' यानी बेटी आमतौर पर शैलपुत्री का अर्थ सिर्फ हिमालय की बेटी होने को ही माना जाता है, लेकिन जब हम गहराई से इस नाम को समझते हैं, तो इसका मतलब और भी व्यापक हो जाता है। असल में, मां शैलपुत्री हमारी चेतना के सबसे ऊंचे स्तर का प्रतीक हैं, जहां इंसान अपने भीतर की ऊर्जा को पूरी शक्ति से अनुभव करता है।

पौराणिक परंपरा में माँ शैलपुत्री का महत्व

पौराणिक कथाओं के अनुसार, माँ शैलपुत्री का जन्म पर्वतराज हिमालय के घर हुआ था। वे माता पार्वती का ही स्वरूप हैं और आगे चलकर भगवान शिव की अर्धांगिनी बनीं। नवरात्रि के प्रथम दिन उनकी पूजा-अर्चना की जाती है। माँ शैलपुत्री को स्थिरता, दृढ़ संकल्प और शक्ति का प्रतीक माना जाता है। उनका वाहन वृषभ है तथा उनके एक हाथ में त्रिशूल और दूसरे हाथ में कमल सुशोभित होता है। उनकी उपासना से भक्तों को जीवन में दृढ़ता, धैर्य और अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

भावनाओं के चरम को समझने का वैज्ञानिक दृष्टिकोण

यदि हम माँ शैलपुत्री के स्वरूप को मानसिक और वैज्ञानिक दृष्टि से देखें, तो 'शैल' का अर्थ पर्वत और 'पुत्री' का अर्थ कन्या होता है। पर्वत की तरह अडिग रहना और अपने भीतर दृढ़ता बनाए रखना इस स्वरूप का गहरा संदेश है। जब मनुष्य क्रोध, प्रेम, उत्साह या दुःख जैसी किसी भावना में पूरी तरह डूब जाता है, तब उसकी मानसिक ऊर्जा अत्यधिक सक्रिय हो जाती है। उदाहरण के लिए, तीव्र क्रोध की स्थिति में शरीर और मन दोनों पर उसका प्रभाव दिखाई देता है। लेकिन जब व्यक्ति अपनी भावनाओं को समझकर उन पर नियंत्रण करना सीखता है, तो वह अपनी ऊर्जा का उपयोग सही दिशा में कर सकता है। यही आत्मसंयम और मानसिक संतुलन की वास्तविक शक्ति है।

ऊर्जा का संतुलन ही देवी का संदेश

माँ शैलपुत्री हमें सिखाती हैं कि जीवन में शक्ति का होना जितना आवश्यक है, उसका संतुलित उपयोग करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। जब हम अपनी आंतरिक ऊर्जा को पहचानते हैं और उसे सकारात्मक कार्यों में लगाते हैं, तब हमारे विचार स्पष्ट होते हैं और व्यवहार में स्थिरता आती है। यह सीख केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि हमारे व्यक्तित्व और मानसिक विकास से भी जुड़ी हुई है। संतुलित ऊर्जा हमें कठिनाइयों में धैर्य बनाए रखने और सही निर्णय लेने में सहायता करती है।

मंत्र जाप...

ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डाये विच्चे ॐ शैलपुत्री देव्यै नमः स्तोत्र पाठ.....
प्रथम दुर्गा त्वंहि भवसागरः तारणीम्। धन ऐश्वर्य दायिनी शैलपुत्री प्रणमाम्यम्।
त्रिलोजननी त्वंहि परमानंद प्रदीयमान्। सौभाग्यरोग्य दायनी शैलपुत्री प्रणमाम्यहम्।
चराचरेश्वरी त्वंहि महामोहः विनाशिन। मुक्ति भुक्ति दायनी शैलपुत्री प्रणमाम्यहम्।।











खबर संक्षेप



साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे से फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें शुरू करने की मांग

रायपुर। छत्तीसगढ़ रेल विकास संगठन के अध्यक्ष प्रवीण मिश्रा सहित पदाधिकारियों ने शनिवार को राजनांदगांव लोकसभा सांसद संतोष पांडे से मुलाकात की और साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे से आने वाले त्योहारों को लेकर छत्तीसगढ़ के यात्रियों के लिए दो स्पेशल ट्रेनें शुरू करने की मांग की है। जिस पर एसईसीआर, बिलासपुर जोन के जनरल मैनेजर को 30 सितंबर को लिखे एक पत्र में सांसद श्री पांडे ने छत्तीसगढ़ रेल विकास संगठन के अध्यक्ष प्रवीण मिश्रा के एक प्रस्ताव आगे बढ़ाया।

रोशन बने धोबी समाज के प्रादेशिक महामंत्री

रायपुर। ऊर्जा नगर गेवरा दीपका निवासी सांसद ज्योत्सना महंत के



प्रतिनिधि रोशन निर्मलकर को धोबी समाज के प्रादेशिक महामंत्री एवं बिलासपुर जिले का संगठन प्रभारी बनाया गया है। यह नियुक्ति धोबी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कुमार कनौजिया एवं राष्ट्रीय सलाहकार राजेंद्र आहेर के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने की। यह जानकारी समाज के मुख्य प्रादेशिक प्रवक्ता गंगा निर्मलकर, महानगर अध्यक्ष वरुण निर्मलकर ने देते हुए बताया कि रोशन निर्मलकर युवा प्रदेश अध्यक्ष थे, जिनके स्थान पर कार्यवाहक युवा प्रदेश अध्यक्ष अंबे बाघमार को युवा प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है।

निधन

लक्ष्मी देवी बुरड़

रायपुर। टैगोर नगर निवासी लक्ष्मी



देवी बुरड़ का निधन हो गया। उनका अंतिम अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे पंकज एवं पीयूष बुरड़ की माता थीं।

श्याम लाल पाठक

रायपुर। रायपुर निवासी श्यामलाल



पाठक का 10 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर पाठक परिवार ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

छत्तीसगढ़ के चार शहरों में ई-बसों के संचालन के लिए आज होगा करार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

1 नवंबर से बिलासपुर और भिलाई में शुरुआत का लक्ष्य

छत्तीसगढ़ के चार प्रमुख शहरों में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत रायपुर, बिलासपुर, भिलाई और कोरबा में कुल 240 इलेक्ट्रिक बसें संचालित की जाएंगी। इसके लिए 11 अक्टूबर को उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन तथा विकास मंत्री अरुण साव की मौजूदगी में संबंधित नगर निगमों और चयनित एजेंसी चार्टर्ड स्पीड लिमिटेड के बीच कंसेशन एग्रीमेंट किया जाएगा। साथ ही चारों शहरों में इलेक्ट्रिक बसों के संचालन का रास्ता साफ होगा।

नवा रायपुर स्थित उप मुख्यमंत्री अरुण साव के निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के आठ नगरीय निकायों के महापौर और आयुक्त शामिल होंगे। कार्यक्रम में रायपुर महापौर मीनल चौबे, बिलासपुर महापौर पूजा विधानी, कोरबा महापौर संजू देवी राजपूत, दुर्ग महापौर अलका बाघमार, रिसाली महापौर शशि सिन्हा, भिलाई के महापौर नीरज पाल, बिरगांव के महापौर नंदलाल देवांगन और भिलाई-चरोदा के महापौर निर्मल कोसरे मौजूद रहेंगे।



प्रदूषण घटाने और परिवहन व्यवस्था सुधारने पर जोर

प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना का उद्देश्य शहरों में स्वच्छ, सुविधाजनक और पर्यावरण अनुकूल सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देना है। इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से पारंपरिक ईंधन पर निर्भरता कम करने के साथ वायु प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन घटाने में मदद मिलने की उम्मीद है।

रायपुर को 100, भिलाई और कोरबा को 50-50 बसें

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा के अनुसार, योजना के पहले चरण में चार नगर निगमों को उनकी जरूरत के अनुसार इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध कराई जाएंगी। इनमें रायपुर को 100 बसें, भिलाई को 50 बसें, कोरबा को 50 बसें और बिलासपुर को 40 बसें, बिलासपुर और भिलाई में 1 नवंबर तक प्रतीकात्मक रूप से 20-20 इलेक्ट्रिक बसें शुरू करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इलेक्ट्रिक बसों में यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। यात्री मोबाइल स्कैनर के माध्यम से किराए का भुगतान कर सकेंगे और ऑनलाइन टिकट भी ले सकेंगे। प्रत्येक बस में सुरक्षा के लिए छह कैमरे लगाए जाएंगे।

मोबाइल से टिकट व किराए का भुगतान

इलेक्ट्रिक बसों में यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। यात्री मोबाइल स्कैनर के माध्यम से किराए का भुगतान कर सकेंगे और ऑनलाइन टिकट भी ले सकेंगे। प्रत्येक बस में सुरक्षा के लिए छह कैमरे लगाए जाएंगे।

एफडीए का निर्देश, जागरूकता के लिए चलाएं 'हर लेबल कुछ कहता है' अभियान

नवरात्रि से दिवाली तक जांच के लिए गाइडलाइन जारी फलाहारी से लेकर कच्चा राशन जांच के दायरे में आएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बाजार में बिकने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने नवरात्रि से लेकर दीवाली तक जांच के लिए गाइडलाइन जारी कर दी है। नवरात्रि के दौरान उपयोग किए जाने वाले सिंघाड़ा पावडर, साबुदाना सहित अन्य फलाहारों की जांच की जाएगी। इसके अलावा दिवाली के मद्देनजर मिठाईयों के साथ कच्चे खाद्य पदार्थों को भी जांच के दायरे में लाया जाएगा। एफडीए इस बार जांच के साथ जागरूकता 'हर लेबल कुछ कहता है' अभियान भी चलाएगी।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन के नियंत्रक राजेन्द्र कटारा ने इस बारे में तमाम अभिहित अधिकारियों को निर्देशित किया है। त्योहार के दौरान बिकने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने और असुरक्षित समानों की बिक्री पर रोकथाम के लिए लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जाए। तीन चरणों में संचालित अभियान के दौरान नवरात्रि में प्रमुख बाजारों के साथ धार्मिक स्थलों के आसपास, मेला, मड़ई, हाट बाजार, अस्थायी खाद्य विक्रय स्थलों की जांच के साथ फलाहार के रूप में बाजार में बिकने वाले सिंघाड़ा, साबूदाना सहित अन्य खाद्य सामग्री, मिठाई व अन्य सामग्री की जांच की जाए। इसके अलावा दिवाली के दौरान मिठाई दुकानों, दुग्ध से बने खाद्य पदार्थों, कच्चे राशन के रूप में बिकने वाले सामान की गुणवत्ता परखने के लिए आकस्मिक जांच की जाए। जांच अभियान को त्योहार के साथ खत्म करने के बजाए आगे भी जारी रखा जाए।

इस दौरान व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में मौजूदा स्टॉक की जांच कर संभावित जोखिमों को ध्यान में रखते हुए सैंपल कलेक्ट किए जाए। खाद्य औषधि प्रशासन जांच के साथ जागरूकता अभियान भी चलाएगी। इसके लिए खाद्य पदार्थों के लेबल पर लिखे जानकारियों को पढ़ने के लिए आम उपभोक्ताओं को अवगत कराया जाएगा। इसके लिए शिक्षण संस्थानों से लेकर औद्योगिक क्षेत्र और विभिन्न सामाजिक संगठनों के बीच जाकर प्रयास करने पर जोर दिया गया है। कार्रवाई कर रही है।



अमानक मिल चुका है घी का सैंपल

पिछले अभियान के दौरान एफडीए थोक बाजार से विभिन्न ब्रांड के घी के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा था। इनमें देवभोग, वचन, अमूल के साथ आधा दर्जन घी के सैंपल फेल हुए थे। इनमें लेड निर्धारित मात्रा से ज्यादा पाया गया था जिसे स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक माना गया था। मामले में टीम खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आगे की

एसआईआर-सीईसी के खिलाफ कांग्रेस की दिल्ली में बड़ी बैठक

कांग्रेस विधायक आज जाएंगे दिल्ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग को लेकर कांग्रेस लगातार आंदोलन कर रही है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के सभी कांग्रेस विधायकों को दिल्ली बुलाया गया है। सभी विधायक रविवार 11 अक्टूबर को दिल्ली रवाना होंगे। दिल्ली में सोमवार 12 अक्टूबर को एक बड़ी बैठक होगी।

कांग्रेस की इस बैठक को एसआईआर के विरोध और चुनाव आयुक्त को हटाने की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बैठक में प्रदेश के सभी कांग्रेस विधायकों की मौजूदगी में आगे की रणनीति पर चर्चा होने की संभावना है। पार्टी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर अपनी आपत्तियों और विरोध को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने की तैयारी में है। कांग्रेस लगातार एसआईआर के माध्यम से मतदाता सूची में नामों की कटौती और कथित अनियमितताओं को लेकर सवाल उठा रही है। पार्टी का आरोप है कि इस प्रक्रिया से मतदाताओं के अधिकार प्रभावित हो सकते हैं। इसी मुद्दे को लेकर कांग्रेस देशभर में विरोध प्रदर्शन कर रही है। दिल्ली में होने वाली बैठक में छत्तीसगढ़ के विधायकों की भागीदारी के जरिए आंदोलन को आगे बढ़ाने और आगामी कार्यक्रमों को लेकर दिशा तय किए जाने की संभावना है। बैठक के बाद कांग्रेस की रणनीति और आंदोलन के अगले चरण को लेकर स्थिति स्पष्ट हो सकती है।

एयरपोर्ट पर यात्री सेवा अभियान का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट समेत देशभर के हवाई अड्डों पर चलाए गए यात्री सेवा अभियान-2026 का शनिवार को समापन हुआ। इस अभियान के अंतर्गत रायपुर में यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने, स्वच्छता एवं सुगम्यता को बढ़ावा देने तथा हवाई यात्रा को अधिक सुरक्षित, सहज और आरामदायक बनाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। अभियान के दौरान रायपुर एयरपोर्ट पर टर्मिनल भवन एवं यात्री आवागमन क्षेत्रों की स्वच्छता और रखरखाव, यात्री सुविधाओं की जांच, संकेतकों एवं उड़ान सूचना प्रदर्शन प्रणाली का निरीक्षण, डिजी यात्रा के प्रति जागरूकता, यात्रियों से फीडबैक प्राप्त करने तथा बैठने की व्यवस्था एवं बेबी केयर सुविधाओं की समीक्षा जैसी गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया गया।

कपड़ा व्यापारी की स्कूटी से 10 लाख की उठाईगिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के कटोरा तालाब इलाके में एक कपड़ा व्यापारी 10 लाख की उठाईगिरी का शिकार हो गया। उसकी स्कूटी की डिक्की में रुपयों से भरे बैग को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। घटना के बाद व्यापारी ने सिविल लाइंस थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सिविल लाइंस थाना प्रभारी ने बताया कि शैलेंद्र नगर निवासी किशोर बलवानी कपड़ा व्यापारी है। 9 अक्टूबर को वह घर से 10 लाख रुपए लेकर बैंक में जमा करने स्कूटी से निकला था। रुपए से भरा बैग स्कूटी की डिक्की में रखा था। घर से निकलने के बाद जैसे वह नेताजी चौक के पास पहुंचा, तभी वह एक पान ठेले पर पान खाने के लिए रूक गया। पान लेने के लिए उसने स्कूटी को दुकान के पास ही खड़ी की थी, लेकिन जब वह पान खाकर अपनी स्कूटी के पास पहुंचा तो डिक्की खुली हुई थी और उसमें रुपयों से भरा बैग भी गायब था। किशोर ने इसके बाद तत्काल थाना पहुंचकर इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी खंगाल रही है।



कटोरा तालाब की घटना पलभर में रकम पार

झारखंड बोकारो से बाइक पर शराब लेकर बेचने पहुंचा तस्कर गिरफ्तार

700 किमी. दूरी तय कर राजधानी रायपुर आया और धरा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब पड़ोसी राज्य के शराब तस्कर बाइक से भी तस्करी करने लगे हैं। आबकारी विभाग की टीम ने शनिवार को नरदहा-चंदखुरी मार्ग पर झारखंड के एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी बाइक से बोकारो से लगभग 700 किलोमीटर का लंबा सफर तय करके झारखंड राज्य की शराब रायपुर के ग्रामीण इलाकों में बिक्री के लिए पहुंचा था, जिसे टीम ने मुखबिर की सूचना पर धर-दबोचा।

आबकारी जिला उपायुक्त प्रवीण वर्मा ने बताया कि ओवररेटिंग, अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में सूचना मिली थी कि झारखंड से बाइक पर दो बैग में भरकर एक व्यक्ति नरहदा-चंदखुरी की तरफ जा रहा है। विभाग की टीम ने इसी मार्ग पर उसे पकड़कर बैग की तलाशी ली तो उसमें झारखंड राज्य की रॉयल ब्रांड पौव्वा शराब थी। बैग से 21 अद्धी और 120 पौवा बोतलें जब्त की गईं, जिसकी कुल कीमत लगभग 6 हजार 765 रुपए है। टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी बाइक भी जब्त की है। पूछताछ पर आरोपी ने अपना नाम राजेश प्रसाद सिंह निवासी बोकारो बताया है। उसने यह भी बताया कि वह झारखंड से शराब यहां बेचने के लिए लाया है।



न्यायालय तहसीलदार, मंदिर हसौद, जिला- रायपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

क्रमांक/Q/वाचक/तह./2026
मंदिर हसौद, दिनांक 30.09.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक कस्तुरी लाल शर्मा पिता मूलराज शर्मा, नवाशी जल विहार कॉलोनी, रायपुर तहसील व जिला रायपुर के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है, कि ग्राम-कुरूद, प.ह.नं.-13, रा.नि.मं.-मंदिर हसौद, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 718, 721, 758 रकबा क्रमशः 0.31, 0.30, 0.73 हे. भूमि जो राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर भुमिखामी हक में दर्ज है, जिसका आवेदक सीमांकन कराना चाहता है। आवेदित भूमि के सीमांकन हेतु आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदित भूमि के सीमांकन किये जाने हेतु दिनांक 16.10.2026 को नियत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 15/10/2026 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः यह ईश्तहार आज दिनांक 30.09.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार
मंदिर हसौद (छत्तीसगढ़)

मुहर

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल-18, तहसील व जिला रायपुर
जारी दिनांक 07/10/2026

सूचना

प्रति,

(1) मेल्विन अलोबस पिता. ए. अलोबस नि. टाटीबंध रायपुर (2) नरेन्द्र कुमार पिता आर.एल. श्रीवास नि. नयापारा रायपुर (3) अशोक कुमार वर्मा पिता कृपाशंकर वर्मा नि. सुन्दर नगर 9754011403

विषय- आवेदक दयाराम चेतन महेश्वरी वगैरह, द्वारा ग्राम मुजगहन प.ह.नं. 82 में धारित भूमि ख.नं. 47/1 रकबा 0.0450 का सीमांकन/बटांकन करने के संबंध में।

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित भूमि के सीमांकन/बटांकन आवेदन जो कि आवेदक दयाराम, चेतन महेश्वरी वगैरह द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 19/08/2026 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन/बटांकन हमारे द्वारा दिनांक 13/10/2026 को किया जाना नियत है। आप उक्त आवेदित भूमि के बटांकनधारी भूमिस्वामी है/आपकी भूमि आवेदक की भूमि से लगी हुई है। अतएव आप पटवारी कार्यालय में उपरोक्त उल्लेखित दिनांक को अपनी भूमि के दस्तावेज सहित उपस्थित होवें और दस्तावेज के अनुरूप दावा/आपत्ति हमारे समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/बटांकन का कार्य किया जा सकता है। सीमांकन/बटांकन उपरांत किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. कांदुल, रायपुर-18

न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील खोरपा, जिला रायपुर(छ.ग.)

ईश्तहार

ग्राम-खट्टी, प.ह.नं. 06
रा.प्र.क्र. 188/अ-6/वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण सुनीता मिश्रा पति स्व. श्री संतोष मिश्रा, मयंक मिश्रा पिता स्व. श्री सतीष मिश्रा जाति ब्राम्हण दोनों निवासी रायपुर जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम खट्टी प.ह.नं. 06 रा.नि.मं. खोरपा उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ.ग. स्थित खसरा नं. 110, 344 रकबा क्रमशः 4.4200, 0.0600 हे. कुल खसरा 02 कुल रकबा 4.4800 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में श्री राधा कृष्ण मंदिर सर्वराकार बसंत, कैलाश, संतोष, सतीष पिसरान मनराखन के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि के खातेदार संतोष पिता मनराखन की मृत्यु दिनांक 11/05/2005 को हो चुका है। खातेदार के मृत्यु उपरान्त उनके विधिक वारिसान में पत्नि सुनीता मिश्रा पति स्व. संतोष कुमार मिश्रा है जो कि निःसंतान है, अर्थात सुनीता मिश्रा के अलावा अन्य कोई विधिक वारिसान नहीं है। यह कि सहखातेदार कैलाश कुमार मिश्रा पिता स्व. मनराखन की मृत्यु दिनांक 26/01/2007 को हो चुका है। जो कि अविवाहित है अर्थात इनका कोई विधिक वारिसान नहीं है। सहखातेदार बसंत पिता स्व. मनराखन की मृत्यु दिनांक 04/11/2010 को हो चुका है। जिसके विधिक वारिसान में पत्नि सरोज मिश्रा पति स्व. बसंत कुमार मिश्रा, पुत्रगण शशांक मिश्रा, प्रसन्न मिश्रा, पुत्रीगण सरिता शर्मा, हर्षा शुक्ला पिसरान स्व. बसंत कुमार मिश्रा है। सह खातेदार सतीष पिता स्व. मनराखन की मृत्यु दिनांक 14/10/2013 को हो चुका है। जिसके विधिक वारिसान में पत्नि चन्द्रलेखा मिश्रा पति स्व. सतीष मिश्रा पुत्र मयंक मिश्रा पुत्री रश्मि पिसरान स्व. सतीष मिश्रा है। अतः आवेदकगण द्वारा उक्त भूमि से मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने बाबत आवेदन इस न्यायालय में पेश किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत नामांतरण आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 12/10/2026 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 10/09/2026 को जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
उप तहसील खोरपा

मुहर

आम सूचना

मौजा ग्राम रायपुरा प.ह.न. 57 रा.नि.मं. रायपुर-1 रायपुरा तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 322/25 रकबा 0.0069 हे. भूमि के सम्बन्ध में

सर्वविदित हो कि मेरे पक्षकार ने धीरज बैस पिता स्व. गुरुपाल सिंह बैस निवासी जी -17 विनायक विहार पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर रायपुर स्वामित्व एवं आधिपत्य कि भूमि खसरा नंबर 322/25 रकबा 0.0069 हे. स्थित मौजा ग्राम रायपुरा प.ह.न. 57 रा.नि.मं. रायपुर-1 रायपुरा तहसील व जिला रायपुर छ.ग. को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है, केवल बैनामा पंजीयन कि कारवाही शेष हैं।

अतः उपरोक्त वर्णित संपत्ति के स्वत्व, अंतरण, के सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, शासकीय अर्धशासकीय विभागों को किसी प्रकार कि आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 5 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे नीचे लिखे कार्यालय में कार्यालयीन समय पर मेरे समक्ष प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद म्याद मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय विलेख का निष्पादन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति शून्य व अवैध होने से मेरे पक्षकार पर बन्धनकारी नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 10/10/2026

सुनील कुमार दुआ, सतीश मानके, वैभव देवांगन, ज्योति गुप्ता
अधिवक्तागणनिवासी- डी 306, टैगोर नगर रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. 9425212941

नाम परिवर्तन सूचना

// शपथ पत्र //

मैं जोनो तांडी, पिता श्री मिश्रो तांडी निवासी- जगन्नाथ नगर, वार्ड क्र. 34, शंकर नगर, रायपुर छ.ग. का निवासी हूँ जो कि शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि-

यह कि मेरा पूर्व का नाम विजय तांडी पिता श्री मिश्रो तांडी है। परन्तु अब मैं अपना नाम जोनो तांडी कर लिया हूँ। मेरा आधार क्र. 4176 0484 2993 एवं पैन कार्ड क्र. में वर्तमान का नाम जोनो तांडी ही है। अब से सभी शासकीय, दस्तावेजों, बैंको आदि में मुझे जोनो तांडी पिता श्री मिश्रो तांडी के नाम से भी जाना जावें।

// सत्यापन //

मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि शपथपत्र में वर्णित समस्त तथ्य मेरे स्वयं के ज्ञान एवं जानकारी में सत्य व सही है अतः आज दिनांक 06.10.2026 को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

रायपुर छ.ग.
दिनांक - 06.10.2026

शपथकर्ता
जोनो तांडी

// आम सूचना //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण 1. श्री द्वारिका प्रसाद बानी, पिता- स्व. ए.पी. बानी, 2. श्रीमती उषा बानी पति-श्री द्वारिका प्रसाद बानी, द्वारा मुख्त्यार आम श्री विवेक बानी पिता-श्री द्वारिका प्रसाद बानी, सभी निवासी-सी-113/5, टैगोर नगर, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की रायपुर विकास प्राधिकरण की कटोरातालाब योजना के अंतर्गत भूखण्ड क्रमांक-सी/113/5, खसरा नंबर 327/57, रकबा 0.0223 हे. याने 2400 वर्गफुट भूमि पर दो मंजिला मकान निर्मित है जो कि वार्के मौजा ग्राम टिकरापारा, प.ह.नं.-00070, रा.नि.मं.-रायपुर-11-टिकरापारा, तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.) में स्थित है जिसको क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम बयाना राशि अदा कर चुका है, केवल बैनामा निष्पादन एवं पंजीयन की कार्यवाही शेष है। वर्तमान में विक्रेतागण द्वारा सौदाशुदा भूमि को अधिक मूल्य पर अन्य व्यक्ति को विक्रय करने का प्रयास कर रहा है। अतः उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार का क्रय-विक्रय/अंतरण संबंधी संव्यवहार ना करें और व्यर्थ से वाद-विवाद और कानूनी अड़चनों से बचें। इस आम सूचना प्रकाशन के पश्चात भी किसी व्यक्ति, संस्था के द्वारा उपरोक्त भूमि क्रय किया जाता है तो उक्त क्रय-विक्रय की जिम्मेदारी क्रेता की स्वयं की होगी। जो कि इस आम सूचना के समक्ष अवैध व शून्य मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी। सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 10.10.2026

भवदीय
एस.एस. चन्देल
(अधिवक्ता)
कृष्णा नगर, संतोषी नगर, रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. 9425519873



या देवी सर्वभूतेषु शक्ति-रूपेण संस्थिता
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः

शुभ नवरात्रि

वन्दे वाञ्छितलाभाय चन्द्रार्धकृतशेखराम्।
वृषारूढां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम्॥



नवरात्रि: शक्ति, भक्ति और नई शुरुआत का महापर्व

मां दुर्गा की आराधना के साथ उमंग, उत्साह और सकारात्मकता से सजेगा जनजीवनशक्ति की उपासना, आस्था का उत्सव और नई उम्मीदों का संदेश है नवरात्रि।

भारतीय संस्कृति में पर्व और त्योहार केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, पारिवारिक आत्मीयता और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के अवसर भी हैं। नवरात्रि ऐसा ही पावन पर्व है, जो शक्ति, साहस, विश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देता है। मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना को समर्पित यह पर्व देशभर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। नवरात्रि के आगमन के साथ ही मंदिरों में पूजा-अर्चना, घरों में धार्मिक अनुष्ठान, बाजारों में रौनक और विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक आयोजनों की तैयारियां शुरू हो जाती हैं।

नवरात्रि का अर्थ है नौ रातें। इन नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां दुर्गा शक्ति, साहस, करुणा और धर्म की रक्षा का प्रतीक हैं। नवरात्रि का संदेश है कि जीवन में कितनी भी कठिन परिस्थितियां क्यों न आएं, विश्वास, धैर्य और दृढ़ संकल्प के साथ उनका सामना किया जा सकता है।

नौ स्वरूपों की आराधना, जीवन के नौ संदेश

नवरात्रि के प्रत्येक दिन मां दुर्गा के एक स्वरूप की पूजा की जाती है। मां शैलपुत्री स्थिरता और संकल्प, मां ब्रह्मचारिणी तप और संयम, मां चंद्रघंटा साहस, मां कूष्मांडा सृजनात्मक ऊर्जा, मां स्कंदमाता ममता, मां कात्यायनी शक्ति, मां कालरात्रि निर्भयता, मां महागौरी पवित्रता और मां सिद्धिदात्री सिद्धि एवं पूर्णता की प्रतीक मानी जाती हैं।

इन नौ स्वरूपों की आराधना हमें जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास, परिश्रम, करुणा और सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा देती है। नवरात्रि केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अपने भीतर की नकारात्मकता को दूर करने और बेहतर जीवन की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर भी है।

भक्ति के रंग में रंगेगा शहर, सजेगा बाजार

नवरात्रि के दौरान शहरों और कस्बों में उत्सव का विशेष माहौल देखने को मिलता है। मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़, भजन-कीर्तन, माता की चौकी, गरबा, डांडिया और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम इस पर्व की रौनक बढ़ाते हैं। परिवारों में पूजा की तैयारियां होती हैं, लोग नए वस्त्र खरीदते हैं और बाजारों में सजावट, पूजा सामग्री, फल, मिठाई, उपहार तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं की मांग बढ़ती है।

यह समय स्थानीय व्यापार और सेवा क्षेत्र के लिए भी महत्वपूर्ण होता है। छोटे दुकानदारों, कारीगरों, फूल विक्रेताओं, वस्त्र व्यापारियों, सजावट से जुड़े लोगों और आयोजनकर्ताओं को अपनी सेवाएं लोगों तक पहुंचाने का अवसर मिलता है। उत्सव की यह रौनक स्थानीय अर्थव्यवस्था और सामुदायिक गतिविधियों को भी गति प्रदान करती है।

नई शुरुआत और बेहतर भविष्य का संकल्प

नवरात्रि को नई शुरुआत और शुभ संकल्पों से भी जोड़कर देखा जाता है। इस अवसर पर अनेक परिवार घर, संपत्ति, वाहन और अन्य उपयोगी वस्तुओं की खरीदारी की योजना बनाते हैं। रियल एस्टेट क्षेत्र में लोग अपने सपनों का घर, बेहतर आवास और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप संपत्ति तलाशते हैं। वहीं ऑटोमोबाइल क्षेत्र में दोपहिया और चारपहिया वाहनों की खरीदारी को लेकर भी उत्साह रहता है।

हालांकि, कोई भी बड़ा निर्णय लेते समय केवल शुभ अवसर ही नहीं, बल्कि अपनी आर्थिक क्षमता, आवश्यकताओं, सुरक्षा और दीर्घकालिक उपयोग को ध्यान में रखना भी जरूरी है। घर हो या वाहन, सही जानकारी और सोच-समझकर लिया गया निर्णय भविष्य को अधिक सुविधाजनक बना सकता है।

इसी प्रकार व्यापारिक प्रतिष्ठान, शैक्षणिक संस्थान, स्वास्थ्य सेवाएं, सामाजिक संगठन और विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्र नवरात्रि के अवसर पर शुभकामनाओं तथा विशेष संदेशों के माध्यम से लोगों से जुड़ते हैं। त्योहार ऐसे अवसर प्रदान करते हैं, जब संस्थान और नागरिक एक-दूसरे के साथ अपने संबंधों को और मजबूत बना सकते हैं।















क्रिकेट बैट से जानलेवा हमला, 3 बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में एक युवक पर क्रिकेट बैट से जानलेवा हमला करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी आदतन बदमाश प्रवृत्ति के है। इनमें से एक आरोपी के पास से पुलिस ने पिस्टल भी जब्त की है। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार करने के बाद मोहल्ले में उनका जुलूस निकाला, ताकि लोगों में उनका खौफ खत्म हो।

बताया गया कि आरोपियों की गुंडागर्दी के कारण मोहल्ले में दहशत का माहौल था। पुलिस कार्रवाई के बाद मोहल्लेवासियों को भी राहत मिली है तथा शांति का माहौल है। गुढ़ियारी थाना प्रभारी ने बताया कि गंभीर अपराधों में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी एवं फरार आरोपियों की पतासाजी कर गिरफ्तारी की जा रही है। इसी कड़ी में उनके क्षेत्र में 8 अक्टूबर को शाम 7 बजे चॉइस सेंटर में अमन गुप्ता नामक व्यक्ति को तीन आरोपियों कुणाल सिंह, अनुराग किरनापुरे एवं संदीप दास को गिरफ्तार किया है।

इनमें कुणाल मुख्य आरोपी है, जिसकी पुराने विवाद पर अमन से रंजिश थी। घटना के समय आरोपियों ने क्रिकेट बैट से अमन के सिर एवं हाथ-पैर पर कई वार किए, जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। इस घटना के दौरान वहां मौजूद सरोज गुप्ता ने बीचबचाव करने का भी प्रयास किया। इस बात पर आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की।



मोहल्ले में निकला जुलूस

मुख्य आरोपी से पिस्टल जब्त

मुख्य आरोपी कुणाल आदतन बदमाश है। पुलिस ने गिरफ्तारी के दौरान आरोपी के कब्जे से बाइक एवं एक पिस्टल भी जब्त की है। इस मामले में उसके खिलाफ 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है। कुणाल के पास पिस्टल कहां से आई, इस संबंध में पुलिस जांच कर रही है।

शादी का झांसा देकर अनाचार, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



खम्हारडीह पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाने तथा बाद में शादी से इंकार करने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी लिंगराज यादव निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पिरदा ने वर्ष 2020 से पीड़िता को शादी करने का भरोसा दिलाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया था, लेकिन अब वह उसके साथ शादी करने से इंकार कर दिया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।



एटीएम बदलकर 5 हजार निकाल लिए

रायपुर। डीडीनगर थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग व्यक्ति से ठगी हो गई। प्रार्थी प्रणय पुष्कर राजवाड़े पैसे निकालने के लिए एसबीआई के एटीएम गया था। यहां एक व्यक्ति पहले से खड़ा था। इस दौरान प्रणय ने पैसे निकालने मदद करने के बहाने से उनका एटीएम बदल लिया और उससे 5 हजार रुपए निकाल लिए। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 318-4 के तहत अपराध दर्ज किया है।

कार्टून फेस्टीवल 13 को, मुख्यमंत्री साय कार्टून बनाकर करेंगे उद्घाटन

रायपुर। देश की एकमात्र कार्टून पत्रिका कार्टून वॉच अपने 31वें वर्ष में प्रवेश करने वाली है। इस अवसर पर हर साल की तरह राजधानी रायपुर में कार्टून फेस्टीवल आयोजित किया जा रहा है। कार्टून वॉच के सम्पादक त्रयम्बक शर्मा ने बताया कि यह आयोजन 13 अक्टूबर को रायपुर के एक निजी होटल में आयोजित होगा और मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे। उल्लेखनीय है कि कार्टून फेस्टीवल में मुख्य अतिथि स्वयं सांकेतिक कार्टून बनाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते हैं। आयोजन की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे और विशेष अतिथि के रूप में अनेक राजनीतिक हस्तियां मौजूद रहेंगी। अतिथि वक्ता हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी होंगे। श्री शर्मा ने बताया कि इस साल जयपुर के वरिष्ठ कार्टूनिस्ट अभिषेक तिवारी को कार्टून वॉच का लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया जाएगा।

कैट ने राडा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया सम्मान

रायपुर। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की छत्तीसगढ़ इकाई ने रायपुर आटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी है। कैट के नेशनल वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने कहा कि राडा के नवनियुक्त पदाधिकारी अपने अनुभव, नेतृत्व क्षमता और समर्पण से संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

श्री पारवानी ने विशेष रूप से राडा अध्यक्ष कैलाश खेमानी, उपाध्यक्ष विवेक अग्रवाल, सचिव मुकेश सिंघानिया सहित पूरी टीम को बधाई दी है। श्री पारवानी ने कहा कि किसी भी संगठन का दायित्व केवल पद प्राप्त करना नहीं, बल्कि उससे जुड़े व्यापारियों के विश्वास पर खरा उतरना और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नई टीम नई ऊर्जा, दूरदर्शिता और सकारात्मक सोच के साथ ऑटोमोबाइल व्यापारियों के हितों की रक्षा करेगी तथा संगठन की प्रतिष्ठा को और अधिक सुदृढ़ बनाएगी।















